वार्षिक प्रतिवेदन

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग

इलाहाबाद

सन् १९५७–५८

मुद्रक

अधीक्षक, राजकीय मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

१९६०

प्रस्तावना

भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३२३, खंड (२) के अनुसार लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, सन् १९५७–५८ का अपना वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत करते हैं।

नफीसुल हसन	अध्यक्ष
राधाकृष्ण	सदस्य
सुरति नारायण मणि त्रिपाठी ·	,,
गिरीश चन्द्र ··	,,
एम० एस० बिष्ट ···	,,

इलाहाबाद,
दिनांक २० अप्रैल, १९५९ ई०

विषय-सूची

परिशिष्ट

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सन् १९५७-५८ के कार्य का वार्षिक प्रतिवेदन

१—आयोग के सदस्य

श्री नफीसुल हसन, एम० ए०, एल-एल० बी०, आयोग के अध्यक्ष तथा श्री तेजस्वी प्रसाद भल्ला, एम० ए०, एल-एल० बी०, श्री राधा कृष्ण, एम० ए०, एल-एल० बी०, श्री सुरति नारायण मणि त्रिपाठी, एम० ए०, एल एल० बी०, तथा श्री गिरीश चन्द्र, एम० ए०, एल-एल० बी०, उसके सदस्य वर्ष भर बने रहे। श्री तेजस्वी प्रसाद भल्ला ने २५ नवम्बर से २१ दिसम्बर, १९५७ तक २७ दिन का पूरे वेतन पर अवकाश लिया तथा श्री गिरीश चन्द्र ने ४ अक्तूबर से २८ अक्तूबर, १९५७ तक २५ दिन का अवकाश पूरे वेतन पर और उसके बाद २८ जनवरी, १९५८ तक तीन मास का अवकाश चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर आधे वेतन पर एव २९ जनवरी, १९५८ से ७० दिन का असाधारण अवकाश बिना वेतन के लिया।

२—आयोग के कर्मचारिवर्ग

श्री राम नरेश लाल, एम० ए०, एल-एल० बी०, आयोग के सचिव, श्री शिव लाल, सहायक सचिव तथा श्री जहूरुल हस्नैन, अतिरिक्त सहायक सचिव के रूप में वर्ष भर बने रहे।

२—अतिरिक्त सहायक सचिव, सदस्यो के दो वैयक्तिक सहायक, दो सहायक अधीक्षक, चार प्रवर वर्ग सहायक तथा पांच अवर वर्ग सहायक के अस्थायी पदो की अवधि एक वर्ष के लिये और बढ़ा दी गई।

३—उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा के लिये आपात चुनाव (इमरजेंसी रिक्रूटमेंट) करने के संबध मे एक सहायक अधीक्षक, तीन प्रवर वर्ग सहायक तथा चार अवर वर्ग सहायक के नये पद ६ मास के लिये सृजित किये गये।

४—१९५८-५९ वर्ष की नयी मांगो की सूची के संबध में अतिरिक्त सहायक तथा सदस्यों के दो वैयक्तिक सहायक के अस्थायी पदो को स्थायी करने का प्रस्ताव शासन से किया गया।

५—७ ००० रुपये की जो राशि आकस्मिक कार्याधिक्य को निबटाने के लिये आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त अस्थायी अराजपत्रित कर्मचारिवर्ग की नियुक्ति करने के लिये अध्यक्ष के अधिकार में रक्खी गयी थी, उसका पूरा-पूरा उपयोग किया गया।

३—आय तथा व्यय

२—इस वर्ष कुल ७,५५,०१६ रुपये व्यय हुआ, जब कि गत वर्ष ६,३३,४४२ रुपये व्यय हुआ था। १,२१,५७४ रुपये की वृद्धि उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा आपात चुनाव परीक्षा के सम्बंध में तथा विज्ञापनों, सरकारी डाक टिकटों, पुस्तकों के क्रय करने आदि में किये गये अधिक व्यय के कारण हुई।

४—आयोग की बैठकें

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में विविध परीक्षाओं तथा चुनावों के संबंध में अभ्यर्थियों की व्यक्तित्व परीक्षायें लेने तथा उनका साक्षात्कार करने के लिये आयोग ने २२४ दिन अपनी बैठकें की। जो समस्यायें पत्रावलियों के परिचारण से निबटाये न जा सकें, उन पर विचार विनिमय करने के लिये भी, आवश्यकता पड़ने पर आयोग ने अपनी बैठकें कीं। गर्मियों में कुछ पदों के लिये साक्षात्कार नैनीताल में किये गये। शेष सभी साक्षात्कार इलाहाबाद ही में किये गये।

५—परीक्षा द्वारा भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग ने निम्नलिखित दस परीक्षायें ली :—

(१) वरिष्ठ वन सेवा (डिप्लोमा) कोर्स, १९५७–६०, में भर्ती होने के लिये परीक्षा।

(२) उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) तथा न्यायिक अधिकारियों की सेवाओं के लिये चुनाव करने के हेतु सम्मिलित परीक्षा (१९५६)।

(३) उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा आपात चुनाव परीक्षा।

(४) कानूनगो ट्रेनिंग स्कूल में भर्ती होने के लिये परीक्षा।

(५) अधीनस्थ स्थानीय निधि लेखा—परीक्षा सेवा में सहायक लेखा परीक्षकों के चुनाव के लिये परीक्षा।

(६) उत्तर प्रदेश सचिवालय तथा लोक सेवा आयोग के कार्यालय में अवर वर्ग सहायकों के चुनाव के लिये सम्मिलित परीक्षा तथा उत्तर प्रदेश सचिवालय के अस्थायी अवर वर्ग सहायकों को अवर वर्ग सहायक के स्थायी पदों में विलीन करने के लिये विशेष अर्हकारी उप–परीक्षा (क्वालीफाइंग टेस्ट)।

(७) उत्तर प्रदेश सचिवालय में तथा लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में प्रवर वर्ग सहायकों का चुनाव करने के लिये सम्मिलित परीक्षा।

(८) सहकारिता लेखा परीक्षक संगठन में पुनरीक्षित वेतनक्रम में लेखा परीक्षकों की नियुक्ति करने के लिये उनकी अर्हकरी उप–परीक्षा।

(९) पंचायत लेखा परीक्षक संगठन में लेखा परीक्षकों का चुनाव करने के लिये परीक्षा।

(१०) उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा, (२) उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा तथा (३) उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा के लिय चुनाव करने के हेतु सम्मिलित परीक्षा।

ही वास्तव में बैठे। उपर्युक्त परीक्षाओं के संबंध में आंकड़े संबंधी सम्पूर्ण सूचना परिशिष्ट २ की मद संख्याओं ४ से १३ के सामने दी हुई है।

२—वर्ष में कुल १,३०६ अभ्यर्थियों की व्यक्तित्व परीक्षायें ली गईं, जिनमें से ३७९ चुने और नियुक्ति के लिये संस्तुत किये गये। परिशिष्ट २ की मद संख्याओं १, २, ३, ४, ६, ७ तथा ८ के सामने लिखित ७ परीक्षाओं के संबंध में व्यक्तित्व परीक्षायें ली गईं। मद संख्याओं १ से ३ में उन परीक्षाओं का उल्लेख है, जिनके लिये लिखित परीक्षायें गत वर्ष ली जा चुकी थीं।

३—फारेस्ट रेंजर्स कोर्स (१९५८–६०) परीक्षा तथा उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) एवं न्यायिक अधिकारी सेवाओं के लिये चुनाव करने के हेतु सम्मिलित परीक्षा में बैठने के लिये १,२८७ आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे। इन दोनों परीक्षाओं के लिये विज्ञापन वर्ष के अंतिम समय में निकाले गये थे। इसी कारण ये परीक्षायें प्रतिवेदनाधीन वर्ष में नहीं ली जा सकीं।

वरिष्ठ वन सेवा (डिप्लोमा) कोर्स, १९५८–६१ में भर्ती करने के लिये परीक्षा की घोषणा वर्ष के अन्तिम समय में की गई थी, किन्तु उसके लिये आवेदन-पत्रों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि ७ अप्रैल, १९५८ थी।

४—शासन के विशेष अनुरोध पर आयोग ने गत वर्ष अपराध अनुसंधान विभाग में आशुलिपि प्रतिवेदकों का चुनाव करने के लिये एक परीक्षा ली थी और शासन को अपनी संस्तुति भेजी थी। किन्तु प्रतिवेदनाधीन वर्ष के अन्त तक भी कोई नियुक्ति नहीं की गई।

५—निम्नलिखित मामलों को छोडकर जिनके विषय में शासनाज्ञायें अभी तक नहीं प्राप्त हुई है, शेष सभी मामलों में आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी यथाविधि नियुक्त किये गये :—

(१)	सहायक विक्रीकर अधिकारी तथा मनोरंजन कर निरीक्षक	क्रमशः ४१ तथा १२।
(२)	अधीनस्थ राजस्व (अधिशासी) सेवा में नायब तहसीलदार।	१ (अनुसूचित जाति का अभ्यर्थी)
(३)	उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा	१ (सामान्य अभ्यर्थी)।
(४)	आपात (इमरजेंसी) चुनाव योजना मे उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा	१ (सामान्य अभ्यर्थी)।

तालिका

क्रम-सख्या	सेवा या पद का नाम	अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये सुरक्षित रिक्तियों की संख्या	नियुक्त किये गए अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों की सख्या	अभ्युक्ति
१	२	३	४	५
१	सहायक बिक्री-कर अधिकारी तथा मनोरंजन कर निरीक्षक	७ } २ }	९*	*संस्तुत परन्तु नियुक्ति आज्ञाओं की प्रतीक्षा है।
२	नायब तहसीलदार परीक्षा, १९५६	३	२	एक अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी की नियुक्ति की प्रतीक्षा है।
३	(१) उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा	३	३	उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा में एक अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी की नियुक्ति फिलहाल रद्द कर दी गई है।
	(२) उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा	२	२	
	(३) उत्तरप्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा	१	१	
	(४) बिक्री-कर अधिकारी सेवा, १९५६	३	३	
४	वरिष्ठ वन सेवा (डिप्लोमा) कोर्स, १९५७-६०	२	१	कोई दूसरा अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं था।
५	आपात (इमर्जेंसी) चुनाव योजना परीक्षा, १९५७ के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा	६	७	शासन ने एक अतिरिक्त अभ्यर्थी की नियुक्ति की।
६	कानूनगो परीक्षा, १९५७ ...	९	२	कोई दूसरा अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं था।
७	अधीनस्थ स्थानीय निधि लेखा परीक्षा सेवा में सहायक लेखा परीक्षक परीक्षा, १९५७	४	१	तदैव

७—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में इलाहाबाद के बाहर के केन्द्रो मे तीन परीक्षाओ—(१) उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा आ ाल चुनाव, (२) सचिवालय अवर वर्ग सहायक तथा (३) सचिवालय प्रवर वर्ग सहायक का सचालन किया गया। पहिली परीक्षा में २,९८० अभ्यर्थियों को परीक्षा मे बैठने की अनुमति दी गयी थी। अतः आयोग ने इलाहाबाद के अतिरिक्त लखनऊ, मेरठ, आगरा तथा गोरखपुर मे केन्द्र खोलने का निश्चय किया। सचिवालय की परीक्षाओ के लिये, यथापूर्व, इलाहाबाद मे एक केन्द्र के अतिरिक्त लखनऊ मे भी केन्द्र खोले गये थे। इलाहाबाद के बाहर के केन्द्रो मे किये गये प्रबंध का निरीक्षण करने के लिये लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यगण इन स्थानों पर गये।

८—विभिन्न परीक्षाओं के सचालन के लिये आयोग ने दिसम्बर, १९५५ मे जो समय सारिणी शासन को प्रस्तुत की थी, उसको शासन ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष मे स्वीकार कर लिया।

९—एक अभ्यर्थी जिसने उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) सेवा तथा न्यायिक अधिकारियो की सेवा मे चुनाव के लिये १९५७ की सम्मिलित परीक्षा मे बैठने के हेतु आवेदन-पत्र दिया था, वह चार वर्ष तथा ३ दिन से अधिक-वयस्क था। उसने शासन से प्रार्थना की कि राजनैतिक पीडन के आधार पर उसके संबंध मे अधिकतम आयु सीमा को उक्त अवधि तक शिथिल कर दिया जाय, किन्तु शासन ने यह कह कर उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया कि राजनैतिक पीडन के आधार पर अधिक से अधिक ४ वर्ष तक की छूट दी जा सकती है और क्योकि उसके मामले मे वास्तविक अवधि ४ वर्ष से अधिक थी, इसलिये उसकी प्रार्थना को स्वीकार करना सभव नही था। अभ्यर्थी ने शासन से फिर प्रार्थना की, किन्तु इस बार भी उसकी प्रार्थना अस्वीकृत कर दी गई। अभ्यर्थी ने तीसरी बार शासन से आवश्यक छूट देने के लिये प्रार्थना की। इस बार शासन ने आयोग के पास प्रस्ताव भेजा कि अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा मे ४ वर्ष की छूट राजनैतिक पीडन के आधार पर तथा शेष तीन दिन की छूट नियुक्ति विभाग ज्ञाप सख्या ११२९ (५)/दो—१७५-३९, दिनाक ३१ जुलाई, १९४१ मे समाविष्ट सामान्य नियम के अन्तर्गत दे दी जाय और आयोग से प्रस्ताव को स्वीकार करने का अनुरोध किया। आयोग ने मामले पर विचार किया किन्तु प्रस्ताव को स्वीकार करने मे अपनी असमर्थता प्रकट की। आयोग के विरोध तथा स्वय की बार-बार की अस्वीकृति के बावजूद शासन ने अभ्यर्थी को आवश्यक छूट दे दी। तत्पश्चात् अभ्यर्थी को परीक्षा मे बैठने की आज्ञा मिल गई।

६—चुनाव द्वारा भर्ती

आयोग ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष मे २,१२६ पद के लिये चुनाव किया, जिनके लिये १४,२२७ आवेदन-पत्र आये थे। इन पदो के लिये ६,४५६ अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिये बुलाये गये थे, जिनमे से केवल ५,०९४ अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जो अभ्यर्थी चुने और संस्तुत किये गये, उनकी संख्या २,१२८ थी। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा विज्ञापित ३५ अन्य पदो के लिये कोई आवेदन-पत्र नही प्राप्त हुआ था। ४० अन्य पद यद्यपि विज्ञापित किये गये थे और ४३७ आवेदन-पत्र प्राप्त हुये, किन्तु चुनाव रद्द या स्थगित कर दिये गये। तीन पद ऐसे थे, जिनमे से दो पदों के लिये ३७ आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे और तीसरे के लिये कोई नही। नियुक्ति प्राधिकारियो के अनुरोध पर इन तीनो पदो के लिये इस कारण फिर से विज्ञापन निकालना पडा कि पूर्व विज्ञापित अर्हताओ मे कुछ संशोधन कर दिये गये थे। एक पद के लिये जब विज्ञापन निकाल दिया गया था और ८ आवेदन-पत्र

नियुक्ति के लिये संस्तुत किया गया था, किन्तु जो पद बाद में तोड़ दिये गये थे। आयोग ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इसके बारे में विस्तृत सूचना परिशिष्ट ३ में दी गई है। इन अंकों में यथा पूर्व, उन पदों सम्बंध कुछ अंक भी शामिल है, जिनके लिये १९५६–५७ में विज्ञापन निकाले गये थे किन्तु उस वर्ष चुनाव नहीं किये जा सके थे। इस परिशिष्ट में १९५५–५६ में निकाले गये दो विज्ञापनों का भी उल्लेख किया गया है, देखिये पद संख्या १३ व ३०। एक मामले में [पद संख्या २०९ (ख)] में साक्षात्कार अंशतः प्रतिवेदनाधीन वर्ष में और अंशतः १९५८–५९ में किया गया।

२—१,३९४ और पदों के लिये भी प्रतिवेदनाधीन वर्ष में विज्ञापन निकाले गये, जिनके उत्तर में १२,६४६ आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे, किन्तु वर्ष के अन्त तक उनका चुनाव न हो सका। उनके बारे में विस्तृत सूचना परिशिष्ट ३ (क) में दी गई है। इनके अतिरिक्त वर्ष में अन्य कई अर्थनायें (रिक्वीजिशन्स) प्राप्त हुई थी किन्तु उनके बारे में वर्ष के अन्त तक विज्ञापन नहीं निकले जा सके। कुछ मामलों में अर्हता आदि के प्रश्नों पर पत्र-व्यवहार होता रहा, किन्तु अधिकांश अर्थनायें वर्ष के अन्त में प्राप्त हुई थीं। इसलिये उन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी।

३—निम्नलिखित मामलों में प्रत्येक के सामने अंकित कारणों से चुनाव रद्द या स्थगित कर दिये गये :—

क्रम-संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	विज्ञापन रद्द किये जाने के कारण
१	२	३	४	५
१	अधीनस्थ शिक्षा सेवा में जूनियर टेस्टर	४	२९	पद के वेतन-क्रम का पुनरीक्षण किया जा रहा था। अतः चुनाव स्थगित कर दिया गया।
२	सहायता तथा पुनर्वासन योजना में ज्येष्ठ लेखा निरीक्षक	१	५	पद तोड दिये जाने के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया।
३	उत्तर प्रदेश के उद्योग संचालक के अधीन मुख्य लेखा निरीक्षक /	४	९६	उद्योग संचालक से एक निर्देश आने पर इन पदों का चुनाव स्थगित कर दिया गया।
	ज्येष्ठ लेखा निरीक्षक	२१	२४७	
४	उत्तर प्रदेश पशु पालन संचालक के कार्यालय में सख्याविद्	१	१२	मितव्ययिता के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया।
५	उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग में रेस्क्यू होम, कानपुर एवं निराश्रित महिलाओ तथा बच्चों के लिये घर (मथुरा) को महिला अधीक्षक	१ } १ }	१५	शासन के अनुरोध पर इन पदो के लिये चुनाव स्थगित कर दिया गया। बाद में पद तोड दिये गये।

क्रम-संख्या	पद का नाम	पदो की संख्या	प्राप्त आवेदन पत्रो की संख्या	विज्ञापन रद्द किये जाने के कारण
१	२	३	४	५
६	उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अधीन राजकीय औद्योगिक विद्यालय, लखनऊ मे बढ़ईगीरी शिक्षक, लोहारी शिक्षक तथा ढलाई शिक्षक (इन्स्ट्रक्टर मोल्डिग)	१ १ १	१७ ५ ६	राजकीय औद्योगिक विद्यालय, लखनऊ में उस उप-विभाग को बन्द कर देने का निश्चय किया गया था, जिसके लिये इन पदो को स्वीकृति मिली थी। इसलिये चुनाव रद्द कर दिया गया।
७	उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अधीन चमड़ा योजना में यांत्रिक ओवरसियर	३	३	विज्ञापन निकल जाने पर शासन ने आयोग को सूचित किया कि मितव्ययिता के कारण पद आस्थगित रखे जा रहे हैं। अतः इन पदो के लिये चुनाव रद्द कर दिया गया।
८	एच० बी० टी० आई०, कानपुर में सारभूत तेल योजना (एसेन्शियल आयल स्कीम) में अधीक्षक	१	२	चुनाव रद्द कर दिया गया, क्योंकि योजना में कमी कर दी गई थी।
९	राजकीय बहु औद्योगिक विद्यालय, मेरठ में मास्टर जनरल मेकेनिक	१	८	विज्ञापन निकल जाने पर उद्योग संचालक ने आयोग से उस अभ्यर्थी को नियुक्त करने के लिये अनुरोध किया, जिसको आयोग ने समान वेतनक्रम वाले दो अन्य पदो के लिये पहले प्रस्तुत किया था, किन्तु जो पद बाद मे तोड दिये गये थे। आयोग ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

उपर्युक्त मामलो के अतिरिक्त चार मामले ऐसे थे, जिनमे पद विशेष के लिये चुने गये एक या अधिक अभ्यर्थी उन पदो पर इस कारण नियुक्त नही किये जा सके कि उन पदो के भरे जाने की आवश्यकता नहीं थी और वे अन्य समान पदो पर नियुक्त किये गये [देखिये परिशिष्ट ३ की मद संख्यायें ८, ७५ (क), ८१ (क) तथा ३७४]।

छः अन्य मामलो में, जिन पदो के लिये अभ्यर्थी चुने गये थे, उन पदो पर उनकी नियुक्ति नही की गई, क्योकि जिस योजना के अन्तर्गत वे पद सृजित किये गये थे, वह योजना समाप्त कर दी गई या पद आस्थगित कर दिये गये [देखिये परिशिष्ट ३ की मद संख्यायें १८६ (क), १९६ (ख), २०२, २५२, २६८ (ग) (२) तथा २७२]।

एक मामले मे आयोग से एक पद के लिये चुनाव करने का अनुरोध किया गया, किन्तु आयोग के संस्तुति भेजने के पहले ही शासन ने उनसे चुनाव रोक देने के लिये कहा (देखिये परिशिष्ट ३ की मद संख्या ९५)।

सात ऐसे मामले थे, जिनमे आयोग किसी अभ्यर्थी को संस्तुत करने मे असमर्थ रहे, क्योकि उन पदो के लिये कोई आवेदन-पत्र ही नही प्राप्त हुये या कोई उपयुक्त नही पाये गये। इनमे से अधिकाश मामलो मे आयोग ने पुनर्विज्ञापन का या निजी बातचीत से चुनाव करने का सुझाव दिया। किन्तु बाद मे नियुक्ति प्राधिकारियो ने सूचित किया कि पदो को भरने की आवश्यकता नही थी [देखिये परिशिष्ट ३ की मद संख्याये १७६ (क) एवं (ख) १८६ (ख) १९६ (क), २०७, २६८ (ग) (१) तथा ३२५]।

एक मामले (अर्थात् परिशिष्ट ३ की मद संख्या २१७) मे आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी नियुक्त नही किया गया क्योकि पद वर्गोन्नत कर दिया गया था।

केन बोटेनिस्ट के ए ' पद का विज्ञापन निकालने के लिये एक अर्थना प्राप्त हुई थी, किन्तु शासन के तार द्वारा सूचित करने पर विज्ञापन नही निकाला गया। शिक्षा संचालक के अनुरोध पर विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा मे वनस्पति विज्ञान मे सहायक अध्यापिका का एक पद विज्ञापित किया गया, किन्तु बाद मे यह सूचना मिली कि जीवविज्ञान की सहायक अध्यापिका की अवश्यकता थी, न कि वनस्पति विज्ञान की। अतः पद फिर से विज्ञापित किया गया।

४—परिशिष्ट ३ को देखने से पता चलेगा कि प्राविधिक अर्हता-प्राप्त अभ्यर्थियो का अब भी अभाव है। आयोग ४७६ विज्ञापित पदो के लिये उपयुक्त अभ्यर्थी संस्तुत नही कर सके। अधिकाश मामलो में आयोग ने स तुति की कि निजी बातचीत द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थियो को प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाय और तब आयोग के परामर्श से उनकी नियुक्ति कर दी जाय। कुछ अन्य मामलो मे उन्होने विज्ञापित पदों की अर्हताओ में संशोधन करने तथा/अथवा वेतन-क्रमो का पुनरीक्षण करने का सुझाव दिया।

५—शासन की इस आज्ञा के बावजूद कि आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियो के बारे में नियुक्ति आज्ञाये संस्तुतियो की प्राप्ति के दो मास के भीतर ही जारी कर दी जानी चाहिये, परिशिष्ट ३ की मद संख्याओ ९४, १३९, १९१, २०८ (क), २१२, २२३ (ख) तथा (ग), २२७, २३७, २४६, २६१, २६९, २७० तथा २८८ में अंकित पदो के लिये संस्तुत ३० अभ्यर्थियो के बारे में नियुक्ति आज्ञायें बहुत विलम्ब से जारी की गई।

६—गत वर्ष के प्रतिवेदन के अध्याय ६ के पैरा ५ में यह कहा गया था कि १०८ पदों के बारे में नियुक्ति आज्ञाये बहुत विलम्ब से जारी की गई। उनके बारे मे अब स्थिति इस प्रकार है:—

(१) सिस्टर ट्यूटर के पद के लिये संस्तुत छठवी महिला अभ्यर्थी नियुक्त नहीं की गई, क्योकि उत्तर प्रदेश परिचारिका एवं दाई परिषद् ने परिषद् की पंजी मे उसका नाम लिखना स्वीकार नही किया, कारण कि उसे सन्देह हो गया कि अभ्यर्थी ने अपने शैक्षिक अर्हता प्रमाण-पत्र मे कुछ प्रविष्टि कर दी थी।

(२) जो अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अधीन लघु अभि-यन्त्रण उद्योगो के विकास अधिकारी के पद के लिये सस्तुत किया गया था, वह समान वेतन-क्रम वाले एक अन्य पद के लिये भी पहले ही सस्तुत एव नियुक्त किया जा चुका था। अत· शासन ने आयोग से इस बात पर परामर्श देने का अनुरोध किया कि अभ्यर्थी को अन्ततः किस पद पर नियुक्त किया जाय। आयोग ने परामर्श दिया कि अभ्यर्थी जिस पद को अधिक पसन्द करे उसी पर उसकी नियुक्ति की जाय।

(३) खन्ड विकास अधिकारी के पदो पर ७ अभ्यर्थियो की नियुक्ति आज्ञाओ की प्रतीक्षा अब भी की जा रही है। शेष अभ्यर्थी नियुक्त कर दिये गये।

(४) सिचाई विभाग में सहायक अभियन्ता के ४० पदो के लिये आयोग ने जनवरी, १९५७ मे ३१ अभ्यर्थियो को सस्तुत किया था। आयोग द्वारा भेजे गये अनुस्मारको के उत्तर में हर बार यही कहा गया कि मामला शासन के विचाराधीन था या यह कि अभ्यर्थियो के चरित्र और पूर्ववृत के सत्यापन और उनकी डाक्टरी परीक्षा का काम पूरा नही हुआ था। लगभग २ वर्ष बाद, दिसम्बर १९५८ मे शासन ने आयोग को सूचित किया कि ३१ मे से ३० अभ्यर्थी नियुक्त किये जा चुके थे और शेष एक के चरित्र एव पूर्ववृत के सत्यापन के विषय मे कार्यवाही की जा रही थी। नियुक्ति आज्ञाओ की प्रतिलिपिया अब भी प्राप्त नही हुई और उनकी मांग की गई है।

(५) पशु-चिकित्सा महाविद्यालय, मथुरा मे निदान शास्त्र (पैथालाजी) के सहायक प्राध्यापक के पद के लिये सस्तुत अभ्यर्थी एक अन्य पद पर सस्तुत एवं नियुक्त किया जा चुका था। अत. यह पद पुर्नविज्ञापित किया गया।

७—गत वर्षीय प्रतिवेदन के पैरा ६(२) में यह लिखा गया था कि आयोग ने जिन अभ्यर्थियो को अक्तूबर, १९५५ मे सिचाई विभाग मे सहायक अभियन्ता के पदो पर नियुक्ति के लिये संस्तुत किया था, उनके विषय मे नियुक्ति आज्ञाये जारी नही की गई थी। प्रति-वेदनाधीन वर्ष मे भी स्थिति वैसी ही बनी रही और मामला मुख्य मन्त्री महोदय के समक्ष रक्खा गया।

८—गत वर्षीय प्रतिवेदन के पैरा ६(३) मे यह लिखा गया था कि निश्चेतको (अनास्थेटिस्ट्स) के पद के लिये सस्तुत एक अभ्यर्थी की नियुक्ति के प्रश्न पर पत्र-व्यवहार हो रहा था। शासन चाहते थे कि थोरेकिक अनास्थीसिया मे अभ्यर्थी के प्रशिक्षण पर किये गये व्यय की ३,००० रु० की धनराशि को उससे प्रत्यर्पित कराने के बाद उसको ४०० रु० मासिक का उच्चतर प्रारम्भिक वेतन देकर पद पर नियुक्त किया जाय। किन्तु अभ्यर्थी ने उत्तर दिया कि वह ४०० रु० मासिक वेतन स्वीकार नहीं करेगा और ६०० रु० मासिक प्रारम्भिक वेतन पर पद को स्वीकार कर सकता है, परन्तु इस शर्त पर कि उसे ३ ००० रु० लौटाना न पड़े। आयोग के पूछ-ताछ करने पर यह भेद खुला कि प्रशिक्षण की सम्पूर्ण अवधि में अभ्यर्थी सरकारी काम पर (आन ड्यूटी) समझा गया था। तब आयोग ने शासन को परामर्श दिया कि ४०० रु० मासिक प्रारम्भिक वेतन देकर अभ्यर्थी को पद पर नियुक्त करने का प्रस्ताव किया जाय और उससे उसके प्रशिक्षण पर कृत व्यय की धनराशि को लौटाने के लिये न कहा जाय। किन्तु अभ्यर्थी ने तब भी स्वीकार नही किया। आयोग ने शासन को सुझाव दिया कि जब कभी शासन इस प्रकार का व्यय करे वह सदैव अभ्यर्थी से एक सविदा (एग्रीमेन्ट) कर लिया करे।

९—गतवर्षीय प्रतिवेदन के पैरा ९ मे लिखा गया था कि क्षेत्रीय सूचना अधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी ने पदो के लिये आलेख्य विज्ञापनो की शासन से प्रतीक्षा की जा रही थी। प्रतिवेदनाधीन वर्ष मे भी वे आलेख्य विज्ञापन नही प्राप्त हुये। यह बतलाया गया कि मामला शासन के विचाराधीन है।

आयोग ने १२ अभ्यर्थियो को अप्रैल, १९५५ में और ४ अभ्यर्थियों को जून, १९५५ में सार्वजनिक निर्माण विभाग के उत्तर प्रदेश अभियन्ता सेवा (निम्न वेतन-क्रम) में सहायक अभियन्ता के पदों पर नियुक्त करने के लिये संस्तुत किया था। सोलहों अभ्यर्थी अस्थायी आधार पर अस्थायी अभियन्ता नियुक्त किये गये थे, किन्तु उनके विषय मे औपचारिक नियुक्ति आज्ञाओ की अभी भी प्रतीक्षा है।

इसी प्रकार सिंचाई विभाग में सहायक यांत्रिक अभियन्ता के पदों के लिये आयोग ने सितम्बर, १९५५ में अपनी सस्तुति भेजी थी। शासन ने अभ्यर्थियो की अस्थायी नियुक्ति तो कर दी, किन्तु नियमित नियुक्ति की अब भी प्रतीक्षा है। आयोग द्वारा भेजे गये अनुस्मारकों के उत्तर में यह सूचित किया गया कि अभ्यर्थियों के चरित्र एवं पूर्ववृत का सत्यापन किया जा रहा है। आयोग नियमित नियुक्तियों के करने में ऐसे असाधारण विलम्ब को असन्तोषजनक समझते है और उन्होंने मामले को मुख्य मंत्री महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

१०—जैसा केन्द्र मे किया जा रहा है, एक तदर्थ समिति द्वारा प्राविधिक व्यक्तियों का चुनाव करने के लिये आयोग के पास एक प्रस्ताव आया। आयोग ऐसी समिति के बनाये जाने से सहमत नही हुये क्योंकि ऐसी समिति स्वयं उपयुक्त अभ्यर्थियो को उपलब्ध करने म समर्थ न हो सकेगी। जहा तक समय अथवा एकाधिक प्राविधिक परामर्शदाताओं के सहयोग लेने का प्रश्न है, आयोग ने शासन को विश्वास दिलाया कि वे सदैव ऐसे चुनावों को प्राथमिकता देते है एवं भविष्य में भी देते रहेंगे, और यह कि आवश्यकता पड़ने पर एकाधिक परामर्शदाताओं का बुलाने मे उन्हें कोई आपत्ति नही है। परन्तु, आयोग को इसमें कोई आपत्ति नही है कि प्राविधिक पदो के लिये उपयुक्त अभ्यर्थियों को प्राप्त करने के लिये विशेष प्रयत्न किये जायं। आयोग ने इस सुझाव को भी नही स्वीकार किया कि प्राविधिक पदों के लिये केवल निजी बातचीत द्वारा चुनाव किये जाय, क्योकि संविधान के अनुसार संघ तथा राज्यो की असैनिक सेवाओं के पदो पर चुनाव के लिये प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिये। उन्होंने सुझाव दिया कि विभागाध्यक्षों को चाहिये कि वे भावी अभ्यर्थियों से सम्पर्क बनाये रखें और यह देखें कि वे आयोग के विज्ञापनों के निकलने पर आवेदन-पत्र भेजें।

११—पी० एम० एस० (प्रथम) मे चिकित्सा अधिकारी के ९ पद विज्ञापित किये गये थे। किन्तु जून, १९५७ में साक्षात्कार के समय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक ने, जो आयोग के परामर्शदाता बनकर आये थ, बतलाया कि काफी बडी संख्या में रिक्तियों को भरना है। क्योंकि ६ १/२ वर्ष के बाद चुनाव किया गया था और अभ्यर्थियों का सामान्य स्तर ऊंचा था, इसलिये २७ अभ्यर्थी नियुक्ति के लिये संस्तुत किये गये। आयोग ने सुझाव दिया कि यदि कोई रिक्तयां शेष रह जायं, तो उनका चुनाव थोड़ा-थोडा करके कई वर्षों में किया जाय, ताकि प्रत्येक वर्ष के उत्तम-उत्तम अभ्यर्थी को समान अवसर मिले।

१२—मुख्य अभियन्ता, स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश ने मार्च १९५७ मे आयोग से अनुरोध किया कि आयोग द्वारा संस्तुत सिविल एवं विद्युत् तथा यान्त्रिक दोनों प्रकार के ओवरसियरों की एक समेकित सूची बनाकर उनके पास भेजी जाय, क्योंकि एक शासकीय आज्ञा के अनुसार दोनों प्रकार के ओवरसियरों में भेद करने की कोई आवश्यकता नही थी। शासकीय आज्ञा की प्रतिलिपि को देखकर आयोग न उत्तर दिया कि सम्बन्धित शासकीय आज्ञा में दोनों सवर्गों को मिला देने का उल्लेख नहीं है और इस कारण वे यह आवश्यक नहीं समझते कि उन दोनों सवर्गों की एक समेकित श्रेष्ठता (मेरिट) सूची बनाई जाय। किन्तु मुख्य अभियन्ता ने सितम्बर, १९५७ में आयोग द्वारा निर्णीत पारस्परिक श्रेष्ठता तथा विभाग में प्रथम नियुक्ति की तिथि के आधार पर तैयार की गई एक समेकित ज्येष्ठता सूची भेजी। उपर्युक्त कारणों से तथा इस लिये भी कि सूची बनाने में जिस सिद्धान्त का अनुसरण किया गया था, वह सही नहीं था, आयोग ने ज्येष्ठता सूची को स्वीकार नही किया। आयोग ने

सुझाव दिया कि सूची रद्द कर दी जाय और यदि दोनों प्रकार के ओवरसियरों की मिश्रित सूची बनाना अनिवार्य रूप से आवश्यक ही हो, तो उस सूची को मुख्य अभियन्ता के अनुरोध करने पर आयोग स्वयं तैयार करेंगे। मुख्य अभियन्ता ने सिविल एवं विद्युत् तथा यान्त्रिक ओवरसियरो के संवर्गों को निश्चित करने के लिये शासन को लिखा है और इस मामले में अग्रतर निर्देश की प्रतीक्षा है।

७—बिना विज्ञापन के भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग से लिखित परीक्षा अथवा अन्य प्रकार की चुनाव की सामान्य प्रक्रिया को शिथिल करके ४१७ अभ्यर्थियो (इनमे गत वर्ष निर्देशित १८ अभ्यर्थियों के मामले भी शामिल हैं) की नियुक्ति के मामलो पर विचार करने के लिये अनुरोध किया गया। इनमें से परिशिष्ट ४ में वर्णित ३७३ अभ्यर्थियों के मामले निबटाये गये, किन्तु परिशिष्ट ४ (क) में वर्णित ४४ अभ्यर्थियों के मामले प्रतिवेदनाधीन वर्ष में नहीं निबटाये जा सके।

परिशिष्ट ४ में दिखलाये गये ३७३ अभ्यर्थियो में से १९२ नियुक्ति के लिये अनुमोदित किये गये, ४६ आरक्षित सूची में संस्तुत किये गये और १३४ नहीं अनुमोदित किये गये। एक के मामले मे अन्तिम निर्णय नही किया जा सका, क्योंकि कुछ सूचना नही प्राप्त हुई थी, जिसके लिये लिखना पडा।

दो अभ्यर्थियों के मामले आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास लौटा दिये गये और दो के विषय में शासन का निर्णय वर्ष के अन्त तक नही प्राप्त हुआ था। शेष मामलों में शासन ने आयोग का परामर्श स्वीकार कर लिया।

२—सरकारी और सहायता-प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों तथा आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों में से विद्यालय प्रति-उप-निरीक्षक के १० पदों पर विज्ञापन के बाद सीधी भर्ती द्वारा अथवा क्षेत्रीय उप-शिक्षा संचालकों के मनोनीत अभ्यर्थियों में से चुनाव करने का प्रश्न, जिसका उल्लेख १९५६-५७ के प्रतिवेदन के अध्याय ७ के पैरा ३ में किया गया था, प्रतिवेदनाधीन वर्ष में भी पत्र-व्यवहारान्तर्गत रहा।

३—परिशिष्ट ४ की मद संख्या ३७ में दिखलाये गये पद अर्थात् रिहन्द बांध संगठन में लियेजां अफसर (जन-सम्पर्क अधिकारी) के पद को आयोग के विचार-क्षेत्र के अन्तर्गत लाये जाने के पूर्व रिहन्द बांध के अधीक्षण अभियन्ता ने विज्ञापित कर दिया था। अतः जब सिंचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता ने आयोग के पास उन अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्रों को भेजा, जिन्होंने उस विज्ञापन के उत्तर में आवेदन-पत्र भेजे थे या जिनके विवरण रोजगार के दफ्तर से प्राप्त हुये थे, तब आयोग ने स्वयं विज्ञापन करके फिर से आवेदन-पत्रों को आमंत्रित करना आवश्यक न समझ कर, उन्हीं में से चुनाव किया।

८—पदोन्नति द्वारा भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में, आयोग ने अपने विचार क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न सेवाओं और पदों की २६८ रिक्तियो पर पदोन्नति के लिये ८४२ कर्मचारियों के मामलों पर विचार किया। इनका विस्तृत विवरण परिशिष्ट ५ में दिया गया है।

२—आयोग ने २६८ में से १९० रिक्तियो पर पदोन्नति के लिये अभ्यर्थियों की संस्तुति की। परिशिष्ट ५ की मद संख्या २६ में दिखलाये गये ४ अभ्यर्थियों के बारे में यह निश्चय किया गया कि उनके लिये तथा अन्य रिक्तियो के लिये, जो उस सेवा में हो गई थी, चुनाव साथ-साथ किये जायं। उक्त परिशिष्ट की मद संख्या ४ में दिखलाई गयी १९ रिक्तियों को भरने

का प्रस्ताव शासन ने कुछ दिनो के लिये टाल दिया, क्योकि यह विनिश्चय किया गया था कि एक अर्हकरी उपपरीक्षा (क्वालीफाइग टेस्ट) लेकर चुनाव किया जाय। उक्त परिशिष्ट की मद सख्या ३४ के सामने दिखलाई गई एक रिक्ति के विषय में आयोग ने परामर्श दिया कि पद को विज्ञापन के पश्चात् भरा जाय और दूसरी रिक्ति के बारे में कहा कि उसे सेवा नियमावली में दिये हुये चुनाव के नियमित श्रोत में से भरा जाय। उक्त परिशिष्ट की मद सख्या ३० मे दिखलाई गई ५३ रिक्तियों के बारे में आयोग ने परामर्श दिया कि पदोन्नति के लिये चुनाव पूरे राज्य मे से अनुपयुक्तों को अस्वीकार करने की शर्त के साथ ज्येष्ठता के आधार पर, न कि मडलों (डिवीजन्स) के अ धार पर, किया जाय। आयोग ने स्थायी नियुक्तियो के लिये चुनाव करते समय काफी बडी सख्या मे दीर्घकालिक, स्थानापन्न तथा अस्थायी रिक्तियो के लिये भी अभ्यर्थियों को सस्तुत किया। इनमें से सब रिक्तियां परिशिष्ट ५ मे नही दिखलाई गई हैं।

३—६५१ रिक्तियों पर पदोन्नति सम्बन्धी ४६ मामले, जिनके बारे मे विस्तृत विवरण परिशिष्ट ५(क) में दिये गये है, वर्ष की समाप्ति तक निबटाये नही जा सके। प्रत्यक के सामने न निबटाये जाने का कारण लिखा हुआ है। यह ज्ञात होगा कि अधिकाश मामलो के निबटाये न जा सकने का कारण केवल अभ्यर्थियों की अद्यावधिक चरित्रावलियो का अभाव था। इनमे से अधिकांश मामलों मे पर्याप्त प्रारम्भिक कार्य प्रतिवेदनाधीन वर्ष में किया जा चुका था।

४—परिशिष्ट ५ की मद संख्याओ १, २, १०, १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, २०, २१, २९, ३२ तथा ३३ मे उल्लिखित ८३ रिक्तियो के लिये चुनाव आयोग के अध्यक्ष की या किसी एक सदस्य की अध्यक्षता में चुनाव समितियों द्वारा २०१ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करने के बाद किया गया। मद संख्या ६ में उल्लिखित एक मामले मे आयोग ने ३ पात्र कर्मचारियों का साक्षात्कार करके अपनी सस्तुति की। शेष मामलो मे आयोग न केवल चरित्रावलियों का अवलोकन करके पदोन्नति द्वारा चुनाव किया।

५—आयोग का परामर्श १८६ रिक्तियों के विषय में नियुक्ति प्राधिकारियो ने मान लिया और ३ के विषय में वर्ष के अन्त तक आदेश नहीं प्राप्त हुये थे। उपर्युक्त परिशिष्ट की मद सख्या ११ में उल्लिखित एक मामले में, जिसमें आयोग ने चुनाव कर लिया था, शासन ने पद को अ स्थगित कर दिया। उपर्युक्त परिशिष्ट की मद संख्या १९ में उल्लिखित एक मामले में आयोग की सस्तुतियों के अनुसार कार्य नही किया गया और शासन ने उस मामले मे अग्रेतर निर्देश करने का वचन दिया था, जो वर्ष के अन्त तक नही प्राप्त हुआ।

६—गत वर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ८ के पैरा ७ मे यह लिखा गया था कि ११६ रिक्तियों के सम्बन्ध में आयोग की सस्तुतियो पर आज्ञाओं की प्रतीक्षा थी। इनमें से एक मामले में आयोग की संस्तुति का अनुपालन नही किया जा सका, क्योकि सस्तुत अभ्यर्थी ने पद स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। २० रिक्तियो के संबंध में अब भी आज्ञाओ की प्रतीक्षा है। शेष ९५ मामलो में आयोग की सलाह मान ली गई।

७—जनवरी, १९५७ मे विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने प्रस्ताव किया कि विभागीय अभ्यर्थियो के लिये आरक्षित २२०–४५० रु० वेतन-क्रम मे खण्ड विकास अधिकारियो के पदो को आयोग के एक सदस्य की अध्यक्षता मे एक चुनाव समिति द्वारा १२०–२५० रु० वेतन-क्रम वाले उन सहायक विकास अधिकारियों में से पदोन्नति द्वारा भरा जाय, जिन्होंने १ जुलाई, १९५६ को कम से कम एक वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। आयोग ने कहा कि सामान्यतः दस से पन्द्रह वर्षो की लम्बी अवधि की सेवा के पश्चात् कर्मचारी उच्चतर पदो पर पदोन्नति के लिये पात्र होते है। जहां केवल श्रेष्ठता (मेरिट) के आधार पर चुनाव किया जाता है, वहां भी पाच वर्ष की सेवा की न्यूनतम अवधि को पात्रता की एक शर्त के रूप में निर्धारित किया गया है। अतः आयोग विकास आयुक्त के प्रस्ताव से सिद्धान्ततः सहमत नही हुये। आयोग

ने यह भी कहा कि सहायक विकास अधिकारियों की खण्ड विकास अधिकारी के पदों पर प्रस्तावित पदोन्नति से सहायक विकास अधिकारी एकदम बहुत ऊंचे वेतन-क्रम को पा जायेंगे। इसके अतिरिक्त, अधिकांश सहायक विकास अधिकारी गत वर्ष खण्ड विकास अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चुनाव के सिलसिले में आयोग के सामने दो बार आ आ चुके थे और उनमें से जो उपयुक्त पाये गये थे, वे नियुक्ति के लिये संस्तुत किये जा चुके हैं। अतः अब उन शेष कर्मचारियों में से जिनका साक्षात्कार किया जा चुका और जो उपयुक्त नहीं पाये गये थे, फिर से दूसरा चुनाव करना सेवा के हित में नहीं होगा। आयोग ने सलाह दी कि सहायक विकास अधिकारी पहले कम से कम ५ वर्ष की सेवा पूरी कर ले, तब उनके लिये उच्चतर पद सुरक्षित किये जायें या उन पदो पर उनकी पदोन्नति पर विचार किया जाय। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पदोन्नति द्वारा भरे जाने के लिये आरक्षित खण्ड विकास अधिकारी के पदो को भी सीधी भर्ती द्वारा भरा जाय, जिसमें सहायक विकास अधिकारी यदि वे विज्ञापन के अनुसार पात्र हो, तो अन्यों के साथ भाग ले सके। विकास आयुक्त सहमत नहीं हुये और उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उनके पूर्व प्रस्ताव में अर्हकरी सेवा की अवधि क एक वर्ष और बढ़ा कर दो वर्ष करके, उसके अनुसार चुनाव किया जाय। आयोग ने मामले पर पुनर्विचार किया किन्तु उन्होंने अपनी पूर्व अभिव्यक्त राय को बदलना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी के कर्त्तव्यो को दक्षतापूर्वक सम्पन्न करने के लिये जिन गुणों की अपेक्षा है, उन गणों को सहायक विकास अधिकारी दो वर्षों की अवधि में, जिसे पदोन्नति के लिये पात्रता की एक शर्त के रूप में निर्धारित करने का प्रस्ताव किया गया था, नहीं प्राप्त कर सकते। इसके अतिरिक्त, खन्ड विकास अधिकारी के पद राज्य सेवा के पद नहीं है, इसलिये उन पदों पर पदोन्नति अनुपयुक्तों को अस्वीकार करने की शर्त के साथ ज्येष्ठता के आधार पर करना पड़ेगा। और चूंकि ज्येष्ठतम सहायक विकास अधिकारी ने भी तीन या चार वर्ष से अधिक सेवा न की होगी, इसलिये पदोन्नति द्वारा चुनाव से अभिलषित फल न प्राप्त होगा। अतः आयोग ने इन पदो के लिये सीधी भर्त्ती द्वारा चुनाव करने की सलाह दी और यह सुझाव दिया कि वाछितफल प्राप्त करने के लिये आयु सीमा को ४५ वर्ष तक बढ़ा देना और उपयुक्त अभ्यर्थियों के मामलों में शैक्षिक अर्हताओं को शिथिल करने का उपबन्ध भी कर देना अयुक्तियुक्त न होगा। शासन ने सलाह नहीं मानी और जनवरी, १९५८ में आदेश निकाल दिया कि खण्ड विकास अधिकारियो के संवर्ग में ३३ प्रतिशत पद उन सहायक विकास अधिकारियों तथा अन्य विकास विभागों के समान स्तर के अधिकारियों में से पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे, जिन्होंने अपने पदों पर कम से कम ३ वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।

९—अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण

आयोग ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष में एक वर्ष से अधिक की या एक वर्ष से अधिक हो जाने की सम्भावना वाली अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण के ४८३ अभ्यर्थियों के मामलों को निबटाया, जो उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, १९५४ के विनियम ५(क) या ६ (ग) के अन्तर्गत उनको निर्देशित किये गये थ। इनका विस्तृत विवरण परिशिष्ट ६ में दिया गया है।

२—उपरिनिर्देशित ४८३ अभ्यर्थियो में से ३७० अनुमोदित किये गये और ४९ नहीं। जिन मामलों मे अनुमोदन दिया गया, उनमे अदीर्घावधि वाले प्रायः सभी पदो में पद की 'अवधि की समाप्ति तक अथवा उस समय तक के लिये अनुमोदन दिया गया, जब तक कि पदोन्नति या सीधी भर्ती द्वारा नियमित रूप से चुने हुये अभ्यर्थी उपलब्ध न हो जायं। शेष ६४ अभ्यर्थियो के सम्बन्ध में स्थिति इस प्रकार थी :—

(१) परिशिष्ट ६ की मद सख्याओ २३, ३४, ७९, ८० तथा ८३ में उल्लिखित ६ अभ्यर्थियों के मामलों मे आयोग न निरन्तर अस्थायी नियुक्ति के

लिये उनकी उपयुक्तता के बारे में कोई राय नहीं व्यक्त की, लेकिन यह परामर्श दिया कि उनके द्वारा धारित पदों का नियमित रूप से पदोन्नति या सीधी भर्ती द्वारा भरा जाय, जिसमें वे अभ्यर्थी भी भाग ले सकें।

(२) परिशिष्ट ६ की मद संख्या ३१ में उल्लिखित एक मामले में यह बतलाया गया कि आयोग से परामर्श की आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि अस्थायी नियुक्ति की अवधि के एक वर्ष से अधिक होने की सम्भावना नहीं थी। किन्तु शासन को यह लिखा गया कि उन्हें एक अनर्ह और अपात्र व्यक्ति की नियुक्ति न करनी चाहिये थी।

(३) परिशिष्ट ६ की मद संख्याओं १, १०, २२, ३९, ४२, ६०, ८१ तथा ८४ में शामिल या उनमें उल्लिखित ५७ कर्मचारियों के मामलों पर विचार नहीं किया जा सका, क्योंकि अग्रेतर सूचना या चरित्रावलियों की मांग करनी पड़ी।

३—पूर्ववर्ती पैरा में वर्णित ५७ कर्मचारियों के मामलों के अतिरिक्त, परिशिष्ट ६ (क) में वर्णित ४६ मामले, जिनमें ३८१ अभ्यर्थियों पर विचार करना था, वर्ष के अन्त में प्रत्येक के सामने दिये हुये कारणों से निबटाये न जा सके।

४—अप्रैल, १९५६ में आयोग को सिंचाई विभाग में प्रचार अधिकारी के एक अस्थायी राजपत्रित पद पर अस्थायी नियुक्ति के विषय में सूचना दी गई। अस्थायी नियुक्ति २८ फरवरी, १९५७, या उस समय तक के लिये जब तक कि आयोग द्वारा चुना हुआ अभ्यर्थी उपलब्ध न हो जाय, जो भी पहले हो, की गई थी। १२ जून, १९५७ को आयोग ने यह पूछा कि उस पद पर की गई अस्थायी नियुक्ति जारी है या नहीं और यदि हां तो, अस्थायी नियुक्ति के नियमितकरण के लिये कोई निर्देश किया गया है या नहीं। शासन ने इसका कोई उत्तर नहीं दिया, किन्तु अस्थायी नियुक्ति की अवधि को एक वर्ष के लिये और बढ़ा दिया। जिस ढंग से पद के अस्थायी पदधारी की अवधि में, बिना आयोग से परामर्श किये, वृद्धि कर दी गई थी, उस पर आयोग ने आपत्ति की।

५—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में जिन कर्मचारियों की नियुक्ति आज्ञायें नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या २४८६/दो-बी—१६४-५५, दिनांक ११ अगस्त, १९५५ में जारी किये गये शासकीय आज्ञा के अनुसार आयोग को भेजे गये थे, उनकी कुल संख्या ५७९ थी। बहुत सी नियुक्ति आज्ञाओं के विषय में वर्ष में कोई अग्रेतर सूचना नहीं मिली। उनके संबंध में अनुस्मारक भेजकर पूछा गया कि स्थिति क्या थी।

१०—उत्तर प्रदेश शासन की सेवाओं में अथवा पदों पर विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तरक्षेत्रीय खंडों के भूतपूर्व कर्मचारियों का विलीनीकरण

इस वर्ष आयोग ने विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तरक्षेत्रीय खंडों के २ कर्मचारियों (इनमें एक उस कर्मचारी का मामला भी शामिल है जिसके विषय में १९५६-५७ में आयोग

विलीनीकरण के मामलों पर विचार किया। इनका विवरण निम्नलिखित सारिणी में दिया हुआ है :—

क्रमांक	विलीनीकृत राज्य अथवा अन्तरक्षेत्रीय खंड का नाम	सेवा या पद, जिसके लिये विचार किया गया	अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
१	२	३	४	५
१	चरखारी	ओवरसियर	१	आयोग ने अभ्यर्थी के दोषपूर्ण सेवा अभिलेख के कारण उसको विलीनीकरण के लिये अनुमोदित नहीं किया।
२	रामपुर	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा	१	यह आयोग के पुर्नविचारार्थ भेजा गया था। पुनर्विचार के बाद आयोग ने परामर्श दिया कि अभ्यर्थी का विलीनीकरण ७५—२०० रु० वेतन-क्रम में न करके अधीनस्थ शिक्षा सेवा के ट्रेन्ड ग्रेजुएट ग्रेड में १२०—३०० रु० वेतन-क्रम में किया जाय।

२—दोनो मामलों में शासन ने आयोग की संस्तुति को स्वीकार कर लिया।

३—भूतपूर्व बनारस राज्य के एक कर्मचारी के विलीनीकरण के मामले में आयोग ने दो बार परामर्श दिया था कि चूंकि संबंधित कर्मचारी का विलीनीकरण ट्रेन्ड ग्रेजुएट ग्रेड में पहले ही हो चुका है, इसलिये उसका विलीनीकरण फिर किसी अन्य ग्रेड में नहीं किया जा सकता, और यह कि पदोन्नति की निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करके चुनाव किये बिना उसकी नियुक्ति किसी उच्चतर पद पर नहीं की जा सकती। शासन ने सलाह मान कर तदनुसार आदेश जारी कर दिया। किन्तु कुछ अभ्यावेदनों के आने पर शासन ने मामले को तीसरी बार आयोग के पास लौटा दिया और पुर्नविचार करने का अनुरोध किया। आयोग अपने पूर्वमत पर दृढ रहे, पर शासन ने सलाह नहीं मानी और अभ्यर्थी को विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा (राजपत्रित) में विलीन करने के आदेश जारी कर दिये।

११—स्थानान्तरण द्वारा भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के निम्नलिखित दो मामलों में आयोग से परामर्श किया गया :—

(१) राजकीय रजा डिग्री कालेज, रामपुर के प्रधानाचार्य के पद से एक अभ्यर्थी का, जो उस पद पर आयोग के परामर्श से नियुक्त किया गया था, एक राजकीय माध्यमिक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पद पर २५०—८५० रु० वेतन-क्रम में स्थानान्तरण।

(२) सामान्य सचिवालय से ५ पत्रकारो तथा १ अनुवादक का सूचना संचालकालय, उत्तर प्रदेश मे स्थानान्तरण। इन दोनों मामलो में आयोग ने प्रस्तावित स्थानान्तरणो को अनुमोदित किया।

२—गत वर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ११ में यह लिखा गया था कि आयोग मुख्य अभियन्ता, सिंचाई विभाग के कार्यालय के एक आशुलिपिक के सार्वजनिक निर्माण विभाग के आशुलिपिक के पद पर स्थानान्तरण के प्रस्ताव से सहमत नही हुए थे। यह मामला आयोग के पुर्नविचारार्थ भेजा गया। पुर्नविचार के पश्चात् आयोग प्रस्ताव से इस शर्त पर सहमत हुए कि भविष्य में होने वाली रिक्तियो को प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा भरा जायगा।

१२—पुष्टिकरण

इस वर्ष आयोग से २९८ कर्मचारियो (गत वर्ष के कुछ को मिलाकर) के पुष्टिकरण के लिये उनकी उपयुक्तता पर विचार करने के हेतु अनुरोध किया गया। इनका विस्तृत विवरण परिशिष्ट ७ में दिया हुआ है।

२—परिशिष्ट ७ मे मद संख्याओं ४३ से ५३ मे उल्लिखित १६७ कर्मचारियों के मामले न निबटाये जा सके। उक्त परिशिष्ट की मद संख्या ५१ मे उल्लिखित एक मामले में, जिसमें ६० अधिकारियों पर विचार करना था, शासन ने आयोग से अनुरोध किया कि वे उन मामलो पर विचार करना स्थगित रखें। अन्य १०७ कर्मचारियों के मामलों के न निबटाये जाने के कारण यह थे कि या तो वे वर्ष के समाप्त होते समय प्राप्त हुए थे, या प्रेषित चरित्रावलियो में अद्यावधिक प्रविष्टिया नहीं थी या कुछ और सूचना मांगनी पड़ी थी। शेष १३१ कर्मचारियों के मामलों को आयोग ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निबटाया।

३—जिन १३१ कर्मचारियों के मामले निबटाये गये, उनमें से ६३ पुष्टिकरण के लिये अथवा परीक्षणकाल भर स्थायी पदोन्नति के लिये संस्तुत किये गये थे। शेष ६८ कर्मचारियो के मामले, जो पुष्टिकरण के लिये अनुमोदित नही किये गये, उनमें—

(१) चौदह कर्मचारी ऐसे थे, जिनको आयोग ने अग्रेतर परीक्षा (ट्रायल) के लिये संस्तुत किया,

(२) पांच कर्मचारी ऐसे थे, जिनको आयोग ने प्रतिभारण (रिटेन्शन) के लिये भी उपयुक्त नहीं समझा और इसलिये उनकी सेवाओ को समाप्त करने की सलाह दी,

(३) ४९ कर्मचारी ऐसे थे, जिनको आयोग ने किसी न किसी कारण से पुष्टिकरण के लिये उपयक्त नही समझा। उनमें से कुछ मामलो में आयोग ने सलाह दी कि स्थायी पदों को विज्ञापित करके नया चुनाव किया जाय या पदोन्नति द्वारा नियमित चुनाव किया जाय और उन चुनावों में स्थानापन्न पदधारी भी अन्यों के साथ भाग ले।

४—परिशिष्ट ७ की मद संख्याओं २३ और ३५ में उल्लिखित ४ कर्मचारियो के मामलों को छोड़कर शेष सभी मामलों में आयोग की सलाह मान ली गई। शेष चारों मामले आयोग के पुर्नविचारार्थ लौटा दिये गये और आयोग उन पर विचार ही कर रहे थे कि वर्ष समाप्त हो गया।

५—१९४४-४५ में, सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियन्त्रण विभाग (जिसका नाम अब स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग है) के तीन ओवरसियरों को आयोग से परामर्श

किये बिना ही अस्थायी सहायक अभियन्ता के पदों पर इसके बावजूद कि उनमें सहायक अभियन्ता के लिये वांछित अर्हतायें नहीं थी, पदोन्नत कर दिया गया था। इन पदोन्नत सहायक अभियन्ताओं में से दो सेवा-निवृत्त हो गये और तीसरे के विषय में शासन ने मई, १९५७ में प्रस्ताव किया कि उसे अपने पद पर पुष्टिकृत कर दिया जाय, क्योंकि जब १९४४ में वह पद पर चुना जा कर नियुक्त किया गया था, तब कोई सेवा-नियम नहीं थे, और यह कि उसने ११ वर्ष तक सहायक अभियन्ता के पद पर अस्थायी रूप से कार्य किया था तथा उसका कार्य बराबर अच्छा रहा। आयोग ने बताया कि क्योंकि अभ्यर्थी अनर्ह था, इसलिये सहायक अभियन्ता के पद पर उसको पदोन्नत करना ही सिद्धान्ततः गलत था, और यह कि सेवा नियमों के अभाव में शासन के लिये यह और भी आवश्यक था कि वे अभ्यर्थी की अस्थायी पदोन्नति के संबंध में आयोग से परामर्श करते, क्योंकि भारत सरकार अधिनियम १९३५, जो उस समय लागू था, की धारा ३६६(३) के अन्तर्गत आयोग से अभ्यर्थियों की उपयुक्तता के विषय में ही नहीं, बल्कि नियुक्ति करने में अनुसरण किये जाने वाले चुनाव की रीति तथा सिद्धांतों के विषय में भी परामर्श करना आवश्यक है। आयोग ने यह भी कहा कि एक वर्ष के उपरान्त इतने लम्बे समय तक अभ्यर्थी की स्थानापन्न नियुक्ति को, बिना आयोग के पास निर्देश भेजे, चलाते रहना और भी अनियमित था। आयोग ने प्रस्ताव को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया और मामले को मुख्य मंत्री महोदय के समक्ष रक्खा। मुख्य मंत्री महोदय आयोग से इस बात पर सहमत हुए कि सम्बंधित कर्मचारी की पदोन्नति नियम विरुद्ध की और उन्होंने आज्ञा दी कि उसे उसके स्थायी ओवरसियर के पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया जाय।

१३--अपीलें तथा आनुशासिक कार्यवाही के मामले

आलोच्य वर्ष में २० अपीलें तथा १३ मौलिक आनुशासिक कार्यवाही के मामले आयोग के परामर्श के लिये उनको निर्देशित किये गये। १ अप्रैल, १९५७ को अपीलों तथा आनुशासिक कार्यवाही के न निबटाये गये मामलों की संख्या क्रमशः १३ व ५ थी। इन ५१ मामलों में से, दो के कागज-पत्रों को शासन ने वापस मंगा लिया, क्योंकि संबंधित कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय में समादेश प्रार्थना-पत्र (रिट पेटीशंस) दाखिल किया था। बाकी ४९ मामलो में से २७ मामलों के बारे में आयोग की सलाह शासन को भेजी गई और २२ मामले शेष रह गये।

२--इन २२ मामलों को इस कारण नहीं निबटाया जा सका कि अपूर्ण अभिलेख भेजे गये थे और कुछ महत्वपूर्ण कागज-पत्र मामलो को निबटाने के लिये, जिनकी आवश्यकता थी, मंगवाने पड़े। कुछ मामलों में, जो कागज-पत्र भेजे गये थे, वे प्रमाणित नहीं थे और उन्हें शासन के पास समुचित प्रमाणीकरण के लिये लौटाना पड़ा।

३--जिन २७ मामलों में आयोग ने सलाह दी, उनमें से २२ मामलों में उनकी सिफारिशें मान ली गईं और तीन के बारे में वर्ष के अन्त तक शासनाज्ञा नही प्राप्त हुई थी। एक मामला आयोग को पुनर्विचारार्थ लौटा दिया गया। शेष एक मामले में शासन ने आयोग के परामर्श के अनुसार संबंधित कर्मचारी सेवा से पदच्युत क्यों न कर दिया जाय, इसके विरुद्ध उससे कारण दिखलाने के लिये कहने के बजाय अपनी स्वेच्छा से सेवा-निवृत्ति के लिये उसके प्रार्थना-पत्र को स्वीकार कर लिया।

४--१९५६-५७ के तीन मामलो तथा १९५५-५६ के एक मामले में १९५६-५७ में शासनादेशों की प्रतीक्षा की। इन चार मामलों में से, २ में आयोग की सलाह मान ली गई। शेष दो मामले आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास लौटा दिये गये। फिर से

गौर करने पर दोनों में से किसी एक भी मामले में आयोग को अपनी पहिली राय बदलने का औचित्य नहीं जान पड़ा। एक मामले में आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि असैनिक सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियमावली के पैरा ५५ तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३११ (२) के अनुसार आनुशासिक कार्यवाही फिर से शुरू की जाय। दूसरे में उन्होने कहा कि संबधित कर्मचारी सेवा से अलग कर दिया जाय। इन दोनों मामलो में वर्ष की समाप्ति तक शासनाज्ञायें नहीं प्राप्त हुईं।

१४—असाधारण पेंशन तथा उपदान

इस वर्ष परिशिष्ट ८ में निर्दिष्ट असाधारण पारिवारिक अथवा चोट पेंशन तथा/अथवा उपदान के ३४ मामले आयोग के परामर्श के लिये निर्देशित किये गये। इनके अतिरिक्त, असाधारण पेंशन का एक मामला १ अप्रैल, १९५७ को आयोग के पास विचारार्थ शेष था। इन ३५ मामलों में से, २६ पुलिस विभाग से संबंधित थे, दो राजस्व विभाग से, तीन बन विभाग से और एक-एक सिचाई, पंचायत राज, पशुपालन और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभागों से संबंधित थे। आयोग ने इन मामलो में से ३४ में अपनी सलाह दी और एक मामले को आलोच्य वर्ष के अन्त तक न निबटा सके। यह मामला इस कारण निबटाया नहीं जा सका कि कुछ सूचना तथा कागज-पत्र, जिनकी मांग की गई, वर्ष के अन्त तक शासन से प्राप्त नहीं हुए थे।

२—जिन ३४ मामलों को निबटाया गया, उनमें से २८ मामलो में आयोग की सलाह मान ली गई, किन्तु एक मामले* में नहीं मानी गई। पांच मामलो में वर्ष की समाप्ति तक शासन के आदेश प्राप्त नहीं हुए थे।

३—१९५५-५६ का एक मामला आयोग के पुनर्विचारार्थ लौटा दिया गया था। आलोच्य वर्ष में इसको निबटाया नहीं जा सका, क्यो कि शासन ने इससे संबंधित सम्पूर्ण अभिलेख वर्ष के अन्त तक नहीं भेजे थे।

१५—वैध व्ययों के लौटाने के लिये दावे

आलोच्य वर्ष में सरकारी कर्मचारियो के अपनी रक्षा के लिये किये गये वैध व्ययों को लौटाने के दो मामले आयोग के परामर्श के लिये भेजे गये, जिनका विवरण परिशिष्ट ९ में दिया गया है। आयोग ने उनमें से एक में तथा १९५६-५७ के एक शेष मामले में भी अपना परामर्श दिया। दोनों मामलों में आयोग की सलाह मान ली गई। एक मामला निबटाया नहीं जा सका, क्योकि जो कागज मांगे गये थे, वे वर्ष के अन्त तक प्राप्त नहीं हुए।

१६—सेवाओं तथा पदों के लिये नियम

आलोच्य वर्ष में ६१ ऐसे मामले थे, जिनका संबंध विभिन्न सेवाओं तथा पदो पर भर्ती संबंधी तथा/अथवा नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तो संबंधी नियमों से था। आयोग ने इनका परीक्षण करके अपनी आलोचना भेजी, या प्रस्तावित संशोधनों पर सलाह दी अथवा स्वयं संशोधन के लिये सुझाव दिये। इन सब मामलों का विवरण परिशिष्ट १० में दिया हुआ है।

---

*देखिए गृह (पुलिस 'ख') विभाग पत्र संख्या ४१६६-आर/आठ-बी—१०००(३)-१९५१, दिनांक १८ दिसम्बर, १९५७।

२—जिन नियमावलियों या नियमावलियो के संशोधनो के आलेख्यो पर आयोग ने अपनी आलोचनायें भेजीं, उनमें से निम्नलिखित को आलोच्य वर्ष में, अन्तिम रूप दिया गया—

*(१) उत्तर प्रदेश वन सेवा नियमावली, १९५२ के परिशिष्ट (क) के पैरा १३ का संशोधन (फारेस्ट कालेज, देहरादून के प्रशिक्षार्थियों को शुल्क तथा यात्रा भत्ता आदि देने के संबंध में)।

(२) उत्तर प्रदेश अभियन्ता सेवा (क्लास दो) (सिंचाई जल-विद्युत् शाखा) नियमावली के नियम ९ से संलग्न रेल कर्मशालाओं तथा विद्युत् एवं यांत्रिक फर्मों की सूची।

(३) सिंचाई विभाग में अधिशासी अभियन्ताओ के ग्रेड में पदोन्नति के लिये सहायक अभियन्ताओं के चुनाव के नियमों के नियम ७ का संशोधन।

(४) सार्वजनिक निर्माण विभाग में अधिशासी अभियन्ताओ के ग्रेड में सहायक अभियन्ताओ की पदोन्नति के नियमों के नियम ७ का संशोधन।

(५) उत्तर प्रदेश असैनिक सेवा (न्यायिक शाखा) (सेवा की शर्तें) नियमावली, १९४२ के नियम १० (२) के चौथे परन्तुक को निकाल देना।

(६) अधीनस्थ कार्यालय निरीक्षण सेवा नियमावली के नियम ७ का संशोधन (आयु सीमाओं के संबंध में)।

(७) उत्तर प्रदेश सामान्य सचिवालय अराजपत्रित सचिवालयीय कर्मचारिवर्ग नियमावली, १९४२ के प्रथम परिशिष्ट का संशोधन। सचिवालय के प्रवर एवं अवर वर्ग के सहायकों के पदो पर चुनाव करने के लिये प्रतियो-गितात्मक परीक्षा के नियमो तथा पाठ्य-क्रम का पुनरीक्षण।

(८) सामान्य नियम, जिसके अनुसार यदि कोई महिला अभ्यर्थी, किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह कर ले, जिसके एक जीवित पत्नी हो, तो उसे सरकारी नौकरी में नहीं रखा जायगा।

(९) उत्तर प्रदेश वन सेवा नियमावली, १९५२ के परिशिष्ट "क" के पैरा ७ तथा नियम १७ के संशोधन (वेतन-क्रम में पंचवार्षिक दक्षता रोक लागू करने तथा उत्तर प्रदेश वन महाविद्यालय में भर्ती होने के लिये प्रतियोगिता-त्मक परीक्षा के प्रश्न-पत्रो के स्तर के संबंध में)।

(१०) सार्वजनिक निर्माण विभाग में ओवरसियरों के लिये विभागीय परीक्षा नियमावली के पैरा "डी" के नीचे नोट (३) का जोड़ना।

(११) आयोग की मार्फत सीधी भर्ती द्वारा चुनाव करने के संबंध में अनुदेश।

(१२) अधीनस्थ वन (रेंजरों, उप-रेंजरो तथा फारेस्टरो) सेवा नियमावली के नियम ११ (क) और (ख) का संशोधन।

---

*(१) विज्ञप्ति संख्या २०७५/१४--१७-५२, दिनांक ९ अप्रैल, १९५७।

(२) कार्यालय ज्ञाप संख्या ४९८-ई-एच/तेईस-पी-बी—२६-ई-एच-५२, दिनांक २३ अप्रैल, १९५७।

(३) विज्ञप्ति संख्या १६७७-ए/२३-आई-ए--२० ओ-एस-डी (आर)-५०, दिनांक ११ मई, १९५७।

(४) शासकीय आज्ञा संख्या १३४२-ई-बी-आर/२३-पी-डब्ल्यू-बी—८८-ई-बी-आर-४८, दिनांक २७ जून, १९५७।

*(१३) उत्तर प्रदेश सामान्य सचिवालय अराजपत्रित सचिवालय कर्मचारि वर्ग नियमावली के नियमों ४० और ४५ के संशोधन। (पंचवार्षिक दक्षता-रोक को लागू करने तथा उसको पार करने की कसौटी के संबंध में)।

३—६ जनवरी, १९५८ को शासन ने इस आशय की एक आज्ञा जारी की कि अनुसूचित जातियो के लिये रिक्तियो के आरक्षण (रिजर्वेशन) का सिद्धान्त विभागीय अभ्यर्थियो की प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा पदोन्नति से भरे जाने वाले राज्य शासन के अन्तर्गत सभी सेवाओ के सभी ग्रेडो मे भी लागू होंगे, और यह कि, प्रत्येक मामले में आरक्षण की संख्या वही होगी, जो सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदो के लिये निर्धारित है, अर्थात् १८ प्रतिशत। इस निदेश के प्राप्त होने पर आयोग ने इस बात की ओर संकेत किया कि पदोन्नति के मामले में किसी जाति या वर्गविशेष के लिये रिक्तियो के आरक्षण के नियम को लागू करना सिद्धाततः गलत होगा और इससे सेवाओ की कार्य-कुशलता पर बुरा प्रभाव प गा। उन्होने शासन से इस आज्ञा को वापस ले लेने का अनुरोध किया।

४—१७ जून, १९५७ को शासन ने राज्यपाल के नियामक नियन्त्रण के अधीन सरकारी कर्मचारियो की अनिवार्य सेवा निवृत्ति की आयु को ५५ से बढा कर ५८ कर दिया, और यह आदेश दिया कि उस तारीख को जिन लोगों का सेवा-काल बढ़ा दिया गया था, या जो निवृत्तिपूर्व अवकाश अथवा प्राप्त वयस्कोत्तर अवकाश (पोस्ट सुपरैनुएशन लीव) पर थे, या ५५ वर्ष की आयु प्राप्त करके सेवा-निवृत होने वाले थे, वे सब तब तक सेवा में बने रहेंगे, जब तक कि उनकी आयु ५८ वर्ष की नही हो जाती। बाद में २० जून, १९५७ को शासन ने एक दूसरा आदेश निकाला कि सब पुर्नानियुक्त सरकारी कर्मचारी ५८ वर्ष की आयु तक सेवा म बने रहेंगे। ९ अगस्त, १९५७ को, एक और आदेश जारी किया गया, जिसमें यह निदेश दिया गया कि वे सब कर्मचारी, जो सेवा-निवृत्ति के बाद पुर्नानियुक्त किये गये थे, ५८ वर्ष की आयु तक पुर्नानियुक्त रहेंगे, यदि वह पद, जिस पर वे नियुक्त किये थे अथवा वह कार्यविशेष, जिसके लिये उनकी पुर्नानियुक्ति की गई थी, उस समय तक चले, जब तक कि पुर्नानियुक्त कर्मचारी ५८ वर्ष की आयु न प्राप्त कर लें। परन्तु यदि उनका काम जल्दी पूरा हो जाय, तो उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायेगी। इन आदेशो के प्राप्त होने पर आयोग ने इस बात की ओर संकेत किया कि बिना उनके परामर्श के इन आदेशो को नहीं निकालना चाहिये था। आयोग ने यह भी कहा कि आदेशों का संबंध जहां तक ५८ वर्ष की आयु की प्राप्ति तक निवृत्त कर्मचारियों की पुर्नानियुक्ति का थ, यदि उनकी पुर्नानियुक्ति की अवधि एक वर्ष से अधिक हो गई और आयोग से परामर्श न किया गया तो वह पुर्नानियुक्ति अवैध हो जायेगी और सुझाव दिया कि आदेशो का संशोधन करके इन मामलो में आयोग से परामर्श लेने का उपबन्ध किया जाय।

---

(५) विज्ञप्ति सख्या पी-१३६४/दो-ए—५६१-१९४८, दिनांक २ अगस्त, १९५७।

(६) विज्ञप्ति संख्या १०७०/ओ ऐन्ड-एम-९-१९५६, दिनांक २१ अगस्त, १९५७।

(७) कार्यालय ज्ञाप सख्या ४०२७-ई/२०-ई—२७४ (३)-१९५४, दिनांक ५ सितम्बर, १९५७।

(८) विज्ञप्ति संख्या २७९५/दो-बी—११८-५४, दिनांक १० सितम्बर, १९५७।

(९) विज्ञप्ति संख्या ५६०७/१४—१५०-३१, दिनाक १७ सितम्बर, १९५७।

(१०) कार्यालय ज्ञाप संख्या १६७५-ई० बी० आर० २३-पी-डब्ल्यू० बी० ६६-ई० बी० आर -१९४७, दिनांक १८ सितम्बर, १९५७।

(११) कार्यालय ज्ञाप संख्या ४१७०/दो-बी—१८९-१९५३, दिनांक १८ दिसम्बर, १९५७।

(१२) विज्ञप्ति संख्या ९१३३/१४—७-५६, दिनांक १५ जनवरी, १९५८।

*(१३) विज्ञप्ति सं० २९६१-ई०/२२०-ई० २८२-१९५४, ता० १३ फरवरी, १९५८।

१७—कृत्यों का परिसीमन संबंधी विनियम

आलोच्य वर्ष में निम्नलिखित पद *आयोग के विचार-क्षेत्र में रखे गये :—

(१) ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक .. (३-७-१९५७)

(२) मत्स्य निरीक्षक .. (तदेव)

(३) पशुपालन विभाग में ओवरसियर (तदेव)

(४) जन सम्पर्क अधिकारी (लियेजां अफसर), रिहेन्द बांध संगठन (११-९-१९५७)

(५) सचिवालय मे अवर वर्ग सहायक के अस्थायी पद (८-१०-१९५७)

(६) पशुधन मार्केटिंग अधिकारी . (अक्तूबर, १९५७)

(७) पशुपालन विभाग में कम्प्यूटर . (तदेव)

(८) श्रम विभाग में अनुसंधान सहायक (१२-११-१९५७)

(९) श्रम विभाग में सहायक समय तथा चाल (मोशन) अध्ययन अधिकारी . (तदेव)

(१०) सूचना संचालकालय में प्रवरवर्ग सहायक, अवर वर्ग सहायक, निर्देश लिपिक, लेखापाल, कोषाध्यक्ष, आशुलिपिक, अनुवादक, सूक्ष्म परीक्षक (स्क्रूटिनाइजर) तथा पत्रकार के स्थायी एवं अस्थायी पद (८-२-१९५८)

(११) सहायक /जिला एम्प्लायमेंट अफसर ... (१९-३-१९५८)

(१२) क्षेत्रीय/जिला सूचना अधिकारी (तदेव)

(१३) सहायक जिला सूचना अधिकारी (तदेव)

(१४) पंचायत राज विभाग में पत्रकार (११-५-१९५७)

(१५) सैनिक शिक्षा एवं समाज सेवा प्रशिक्षण में सहायक इंस्ट्रक्टर .. (९-८-१९५७)

(१६) श्रम विभाग में पत्रकार (३१-३-१९५८)

---

*प्रत्येक के सामने कोष्ठक में वह तारीख लिखी हुई है, जिस तारीख को उस पद को आयोग के विचार-क्षेत्र में रखने की शासन की आज्ञा निकाली गई।

२—उद्योग संचालक, उत्तर प्रदेश, के अनुरोध पर आयोग ने मुख्य लेखा निरीक्षक के चार तथा ज्येष्ठ लेखा निरीक्षक के २२ पदों का विज्ञापन निकाला। बाद में, मई १९५७ में सचालक ने एक दूसरा निर्देश भेजकर आयोग से इन पदों के अस्थायी पदधारियो की निरन्तर नियुक्ति को अनुमोदित करने का अनुरोध किया। तब यह पूछा गया कि ये पद अधीनस्थ उद्योग सेवा के हैं या नही। यदि हां, तो ये उस सेवा में कब शामिल किये गये थे और यह भी कि ये आयोग के विचार-क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं या नहीं।

तब संचालक ने अनुरोध किया कि जब तक इस मामले पर कोई फैसला न हो जाय तब तक विज्ञापित पदो का चुनाव न किया जाय। बाद में, संचालक ने सूचित किया कि ये पद अधीनस्थ उद्योग सेवा के नही थे और न ये आयोग के विचार-क्षेत्र मे ही आते थे। शासन को स्थिति की पूरी-पूरी रिपोर्ट भेजी गई और इस बात पर बल दिया गया कि चूंकि पद महत्वपूर्ण थे और आयोग के विज्ञापन के फलस्वरूप बडी संख्या में आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे, इसलिये यह वाछनीय होगा कि इन पदो को आयोग के विचार-क्षेत्र में रखने के लिये औपचारिक आदेश निकाल दिये जायें।

३—सितम्बर, १९५७ में, शासन ने जिला गजेटियरों के पुनरीक्षण के लिये पंचशाला योजना के संबध में शासन के मुख्यालय में सृजित २००–४५० रु० वेतन-क्रम में संकलन-कर्त्ता (कम्पाइलर) के सात पदो के लिये आवेदन-पत्रो को आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन निकाल दिया। शासन ने इस तथ्य की सूचना देते हुए, कहा कि उन्होंने यह रास्ता यह सोचकर अपनाया कि आयोग के द्वारा चुनाव करने में सीमित अवधि के इस आवश्यक कार्य में विलम्ब होने की संभावना थी और अनुरोध किया कि इन पदो का चुनाव करने के लिये जो चुनाव समिति बनाई गई थी, उसकी अध्यक्षता करने के लिये आयोग अपने सदस्यों में से किसी एक को तैनात कर दें। आयोग ने शासन के प्रस्ताव को यह विचार करके स्वीकार नहीं किया कि शासन के द्वारा विज्ञापन निकाले जाने पर समय की बचत भी न होगी और लाभ भी कम होगा और यह कि सीधी भर्ती द्वारा कोई चुनाव करने के लिये बनी हुई चुनाव समिति की अध्यक्षता मात्र करने के लिये आयोग के किसी सदस्य को मनोनीत करने का अर्थ पूरे आयोग के अनुविहित उत्तरदायित्व को उससे छीन लेना होगा। अतः आयोग ने परामर्श दिया कि इन पदो को उनके विचारक्षेत्र में रखकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इनका चुनाव करने के लिए एक अर्थना (रिक्वीजीशन) भेजी जाय। शासन इन पदो को आयोग के विचार-क्षेत्र में रखने के लिये सहमत नहीं हुये और जिला गजेटियर के राज्य सम्पादक (स्टेट एडीटर) को इन पदो पर नियुक्ति करने का अधिकार दे दिया।

१८—उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) विनियम

अक्तूबर १९५७ में शासन ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, १९३७ के विनियम १६, १७ तथा १८ को संशोधित करते हुए एक विज्ञप्ति* जारी की। उन संशोधनो के अनुसार आयोग के सचिव का कार्यकाल पांच वर्ष से घटा कर तीन वर्ष इस उपबन्ध के साथ कर दिया गया है कि उसमे अधिक से अधिक दो वर्ष की वृद्धि की जा सकती है और उस पद का चुनाव करने के लिये पात्रता-क्षेत्र निम्नलिखित वर्ग के अधिकारियो में ही सीमित कर दिया गया है:—

(क) आई० ए० एस० के उच्च वेतन-क्रम (सीनियर स्केल) के अधिकारी, तथा

(ख) राजकीय असैनिक सेवा अथवा अन्य राजकीय सेवाओं के वे सदस्य, जिन्होंने १५ वर्ष से कम सेवा न की हो।

---

* संख्या ३६६८/दो-बी०—१६५–५७, दिनांक, ८ अक्तबर १९५७।

यह भी निर्धारित कर दिया गया है कि सचिव को उनके वेतन-क्रम का वेतन तथा २५० रु० मासिक विशेष वेतन मिलेगा।

१९—विविध निर्देश

शासन के अधीन विभिन्न सेवाओ और पदों के चुनाव के लिये डिग्रियों और डिप्लोमाओं की मान्यता, सेवा-निवृत्त अधिकारियो की एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये पुर्नानियुक्ति, ज्येष्ठता निर्धारण आदि से सम्बंधित ८४ अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण निर्देशों की एक सूची परिशिष्ट ११ में दी हुई है।

२—जिन अर्हताओ के विषय में आयोग से १९५७-५८ में या पूर्व वर्षों में परामर्श किया गया था, उनमें से निम्नलिखित अर्हतायें आलोच्य वर्ष में प्रत्येक के सामने अंकित कार्यों के लिये स्वीकार कर ली गई :—

क्रम संख्या	तिथि जब मान्यता के आदेश जारी किये गये	अर्हता	कार्य, जिसके लिये मान्यता दी गई
१	२	३	४
१	२५-४-५७	केन्द्रीय अथवा किसी राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा समाविष्ट विश्वविद्यालयो द्वारा प्रदत्त सभी इंजीनियरिंग डिग्री और डिप्लोमा	सिंचाई विभाग में अभियन्त्रण सेवाओं के चुनाव के लिये।
२	१६-७-५७	टेस्टामूर सर्टिफिकेट आफ इंस्टीट्यूशन आफ म्युनिसिपल (ऐन्ड काउन्टी) इंजीनियर्स, लंदन	स्थानीय स्वशासन अभियंत्रण विभाग के अन्तर्गत अभियन्त्रण सेवाओ के चुनाव के लिये।
३	६-८-५७	जादवपुर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त-यांत्रिक, विद्युत् एवं रसायनिक अभियंत्रण में डिग्रियां	उद्योग विभाग में उन पदों के चुनाव के लिये जिनके लिये ऐसी अर्हतायें निर्धारित हों।

३—२५ नवम्बर, १९५७ को शासन के परिवहन विभाग ने मुरलीधर गजानन्द प्राविधिक विद्यालय (टेक्निकल इंस्टीट्यूट), हाथरस द्वारा प्रदत्त सर्वेयरो तथा कम्पूटरों के लिये डिप्लोमाओ को परिवहन संगठन में सर्वेयर तथा कम्प्यटर के पदों का चुनाव करने के लिये स्वीकार करने का आदेश जारी किया। चूंकि ये पद आयोग के विचार-क्षेत्र के अन्तर्गत है, इसलिये आयोग ने इस बात की ओर संकेत किया कि आदेश जारी करने के पूर्व उनसे परामर्श कर लेना चाहिये था।

१०—अन्य विषय

१—अनुचित कठोरता (अन्डयू हार्डशिप) के मामलों मे सेवा नियमों को शिथिल करने के लिये सामान्य नियम।—अक्तूबर, १९५६ में, आयोग इस बात से सहमत हुए कि एक सामान्य नियम प्रख्यापित किया जाय, जिसमे राज्य के सरकारी कर्मचारियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम को इस प्रकार शिथिल करने का उपबन्ध हो कि किसी प्रकरण को न्यायोचित रीति से निबटाया जा सके और अनुचित कठोरता (अन्डयू हार्डशिप) न पैदा हो। शासन ने आलोच्य वर्ष में ऐसा नियम प्रख्यापित किया, देखिए नियुक्ति (ख) विभाग, विज्ञप्ति संख्या ३९७७/दो-बी०—७७-५४, दिनांक २८ अक्तूबर, १९५७ जो इस प्रकार है:—

"(१) जहां राज्य शासन को संतोष हो जाय कि राज्य के सरकारी कर्मचारियो की, अथवा ऐसे सरकारी कर्मचारियों के किसी वर्ग की सेवा की शर्तो को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन के कारण, किसी मामले में अनुचित कठोरता हो जाती है, वहां उस मामले में लागू नियमो में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, शासन उस मामले को न्यायोचित रीति से निबटाने के लिये आदेश निकाल कर उस नियम की आवश्यकताओ को उस हद तक और ऐसी शर्तो के अधीन रहते हुए, हटा या शिथिल कर सकता है, जिस हद तक और जैसी वह आवश्यकता समझे।

(२) इस नियम में 'राजकीय सरकारी कर्मचारियो' से तात्पर्य उन सभी व्यक्तियो से है, जिनकी सेवा की शर्तो को सविधान के अनुच्छेद ३०९ के परन्तुक के अन्तर्गत राज्यपाल द्वारा बनाये गये नियमो से विनियमित किया जा सकता हो।

(३) जिन मामलो में आयोग से परामर्श करके नियम बनाये गये हों, उनमें नियम के शिथिल करने के पूर्व उनसे परामर्श किया जायगा।"

२—जिन महिला अभ्यर्थियो ने किसी ऐसे पुरुष से विवाह किया है, जिसके एक पत्नी जीवित हो, उन्हें सरकारी सेवा में नौकरी से प्रतिवारित करने के लिये सामान्य नियम—१० सितम्बर, १९५७ को शासन ने आयोग के परामर्श से निम्नलिखित सामान्य नियम जारी किया:—

"कोई महिला अभ्यर्थी, जिसने किसी ऐसे पुरुष से विवाह किया है, जिसके एक पत्नी पहले से जीवित हो, उत्तर प्रदेश राज्य में किसी सेवा या पद पर चुनाव के लिये पात्र न होगी।

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यदि राज्यपाल को संतोष हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण है, तो वे किसी महिला अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्त कर सकते है।"

३—आवेदन-पत्रो को अग्रप्रेषित करने के संबंध में अनुदेश—आयोग के अनुरोध पर शासन ने दिसम्बर, १९४८ में इस विषय में निम्नलिखित अनुदेश जारी किया था:—

'जब कोई सरकारी कर्मचारी लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित किसी पद के लिये आवेदन-पत्र भेजे तो उसके आवेदन-पत्र को अग्रप्रेषित करने वाले अधिकृत प्राधिकारी को चाहिये कि वह अभ्यर्थी के सेवा अभिलेख (आवश्यकता हो तो उसमें अद्यावधिक प्रविष्टि करा के) को जांच ध्यानपूर्वक कर ले और आवेदन-

पत्र मे निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी की योग्यता (मैरिट) पर अपनी राय लिख दे और यदि उसके ज्ञान में ऐसी कोई बात हो जिसके कारण अभ्यर्थी पद के लिये अनुपयुक्त हो जाय, तो उसे साफ साफ लिख दे।"

चूंकि आयोग द्वारा विज्ञापित पदो के लिये आवेदन-पत्र देने वाले सरकारी कर्मचारियो के आवेदन-पत्रो को आयोग के पास अग्रप्रेषित करने वाले अधिकाश अधिकारी उपर्युक्त अनुदेशो की अवहेलना करते थे, इसलिये आयोग ने सुझाव दिया कि सभी सबंधित अधिकारियो का ध्यान उपर्युक्त अनुदेशो का अनुपालन भविष्य में कड़ाई के साथ करने की आवश्यकता की ओर आकृष्ट किया जाय। शासन सहमत हुए और वैसा किया, देखिए कार्यालय ज्ञाप संख्या ५१४२/दो-बी--३६-५८, दिनांक १५ मार्च, १९५८।

४--अतिरिक्त कार्य--(१) अध्यक्ष ने संघ तथा राज्यलोक सेवा आयोगो के अध्यक्षो के सम्मेलन में, जो दिल्ली में ६ से ८ जनवरी, १९५८ को हुआ था, भाग लिया।

(२) आयोग ने सदा की भांति इस वर्ष भी संघ लोक सेवा आयोग की ओर से निम्नलिखित परीक्षाओ के संचालन तथा उनकी देखरेख का प्रबन्ध किया :--

(१) मिलिटरी कालेज परीक्षा, जून १९५७।
(२) स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिसेज परीक्षा, जून, १९५७।
(३) असिस्टैन्ट्स ग्रेड परीक्षा, जुलाई, १९५७।
(४) इंडियन नेवी परीक्षा, जुलाई, १९५७।
(५) आर्मी मेडिकल कोर परीक्षा, जुलाई, १९५७।
(६) भारतीय प्रशासी सेवा आदि परीक्षा, सितम्बर-अक्तूबर, १९५७।
(७) इंजीनियरिंग सर्विसज परीक्षा, सितम्बर-अक्तूबर, १९५७।
(८) मिलिटरी कालेज, परीक्षा, नवम्बर १९५७।
(९) इंडियन नेवी परीक्षा, दिसम्बर, १९५७।
(१०) नेशल डिफेन्स अकादमी, परीक्षा, दिसम्बर, १९५७।

५--अभ्यर्थियो के विरुद्ध कार्यवाही--एक अभ्यर्थी जो डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ केन्द्र से उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा आपात (इमरजेंसी) चुनाव परीक्षा में भाग ले रहा था, उस परीक्षा से प्रतिवारित कर दिया गया और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई, क्योंकि हिन्दी के एक पर्चे का उत्तर देते समय परीक्षा भवन में उसके पास "न्यायालय शब्द कोष" नामक एक पुस्तक पाई गई थी।

६--१९५६-५७ के वार्षिक प्रतिवेदन के अध्याय १९ के पैरा ४ मे यह लिखा गया था कि तीन डाक्टरो के पुष्टिकरण के मामलो पर विचार करने के बाद आयोग ने परामर्श दिया था कि उनमें से दो परीक्षण-काल पर रखे जाय और यथासमय पी० एम० एस० (२) में स्थायी कर दिये जाय और यह कि तीसरे की सेवाओ को एक मास की नोटिस देकर समाप्त कर दिया जाय। यह भी लिखा गया था कि इन मामलों में १९५६-५७ के अन्त तक शासन के आदेश नहीं प्राप्त हुये थे। इन तीनो मामलो में आयोग के परामर्श को कार्यान्वित करते हुये शासनादेश आलोच्य वर्ष में प्राप्त हुये।

७--आयोग को दी गई विशेष सहायता--आयोग शासन तथा अन्य नियुक्ति प्राधिकारियो के कृतज्ञ है कि उन्होने प्राविधिक पदों के लिये अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करने समय उनके सहायतार्थ प्राविधिक परामर्शदाताओं की प्रतिनियुक्ति की। वे इस प्रकार प्रतिनियुक्त विभागीय अधिकारियो तथा गैर-सरकारी परामर्शदाताओ के भी उनके बहुमूल्य परामर्शो के लिये कृतज्ञ है।

२१--सामान्य कथ्य और निष्कर्षीय वक्तव्य

१—कार्य की अधिकता—आयोग द्वारा आलोच्य वर्ष अर्थात् १९५७–१९५८ में किये गये कार्यों का एक समेकित विवरण परिशिष्ट १ में दिया गया है। नीचे इन अंकों की तुलना पूर्व वर्षों के अंकों से की गई है।

विवरण	गत पांच वर्षों अर्थात् १९५२–५३ से १९५६–५७ का वार्षिक औसत	१९५७–५८ के वास्तविक आंकड़े
१	२	३
१—प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा एवं केवल साक्षात्कार द्वारा दोनों प्रकार के चुनावो के संबंध में निबटाये गये आवेदन–पत्रों की संख्या ..	१७,८७०	२३,५०१
२—चुने गये एवं संस्तुत किये गये अभ्यर्थियो की संख्या ..	१,४२३	२,५०७
३—उन प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या, जिनके विषय में संबंधित वर्षों में चुनाव पूरे न किये जा सके अर्थात् जो आगामी वर्षों के लिये छोड दिये गये ..	५,९३८	१३,९३३
४—उन अभ्यर्थियों की संख्या, जिन पर बिना विज्ञापन के भर्ती के, पदोन्नति या स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के, पुष्टिकरण के और अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण के संबंध में विचार किया गया ...	२,४२०	२,००४

ऊपर के आकड़ों से पता चलता है कि आयोग तथा उनके कर्मचारिवर्ग के ऊपर काम का बोझ आलोच्य वर्ष में गत पांच वर्षों के औसत से कहीं अधिक रहा और यह कि बढ़े हुए काम के बोझ को सम्हालने के लिये यह परम आवश्यक है कि आयोग के कर्मचारिवर्ग में स्थायी रूप में वृद्धि की जाय।

२—परीक्षा भवन एवं कार्यालय के लिये स्थान—परीक्षा भवन के निर्माण कार्य में अच्छी प्रगति हो रही है और आशा की जाती है कि निर्माण कार्य जल्दी ही पूरा हो जायगा और परीक्षा भवन काम में लाने के लिये मिल जायगा। पर आयोग के कार्यालय के विस्तार के लिये अपेक्षित स्थान का प्रबन्ध आलोच्य वर्ष में भी नहीं किया जा सका।

३—आयोग को निर्देश भेजते समय प्रकरण संबंधी पूर्ण अभिलेख तथा अद्यावधिक चरित्रावलियां भेजने की वांछनीयता—आयोग को खेद के साथ यह लिखना पड़ता है कि अपील तथा सरकारी कर्मचारियो के विरुद्ध आनुशासिक कार्यवाही के मामलों में उनके पास प्रायः अपूर्ण अभिलेख भेजे जाते है, जिसका फल यह होता है कि शेष कागज–पत्रों को मंगवाना पड़ता है। इसी प्रकार, नियमितकरण, पदोन्नति तथा पुष्टिकरण के मामलों में देखा गया है कि जो चरित्रावलियां भेजी जाती है उनमें से अधिकांश में अद्यावधिक प्रविष्टियां नहीं रहती और अनुपलब्ध प्रविष्टियों को इकट्ठा करने के लिये काफी लिखा–पढ़ी करनी पडती है। वांछित कागज–पत्रो एवं प्रविष्टियों को भेजने में नियुक्ति प्राधिकारी बहुत समय ले लेते है। फलतः इन मामलों को निबटाने में बहुत देर हो जाती है। यदि नियुक्ति–

४—नियुक्ति-प्राधिकारियों द्वारा अस्थायी नियुक्ति संबंधी उपबन्ध का दुरुपयोग—उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, १९५४, के विनियम ५ (क) तथा ६ (ग) के उपबन्धों से नियुक्ति-प्राधिकारियों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे ऐसी नियुक्तियां कर सकते है, जिनकी अवधि एक वर्ष से अधिक होने की संभावना न हो। इसका आशय बिल्कुल साफ है। जब किसी नियुक्ति के कार्यकाल के एक वर्ष से अधिक बढ़ने की संभावना हो तो उसके लिये नियमित चुनाव आयोग द्वारा, काफी पहले या अस्थायी नियुक्ति करने के शीघ्र बाद ही, हो जाना चाहिये ताकि अस्थायी रूप से नियुक्त व्यक्ति के एक वर्ष पूरा करने के पहिले ही नियमित चुनाव कर लिया जा सके। यदि नियमों का पालन कड़ाई से किया जाय, तो आयोग को भेजे जाने वाले अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण संबंधी निर्देशों में काफी कमी हो जाय। किन्तु परिशिष्ट ६ व ६ (क) में दिए हुए मामलों की लम्बी सूची से स्पष्ट है कि स्थिति इसके विपरीत है। आयोग ने यह भी देखा है कि कुछ मामलों में अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण संबंधी निर्देश प्रारंभिक नियुक्ति के बहुत समय बाद भेजे जाते है।

५—प्राविधिक पदों के लिये अभ्यर्थियों की दुर्लभता बनी हुई है—इस राज्य में कवल कृषि की अर्हताओं को रखने वाले अभ्यर्थी तो काफी मिले, किन्तु कृषि, पशु पालन तथा गव्य-व्यवसाय (डेरीइंग) से संबंधित विशिष्ट विषयों के लिये संतोषजनक संख्या में अभ्यर्थी नहीं मिले। कृषि संबंधी विषयों में प्रशिक्षण देने वाले अपूर्णतः सज्जित संस्थाओं के कारण जिस कोटि के अभ्यर्थी आयोग को मिले उनसे उनको संतोष नहीं हुआ। कृषि स्नातकों (ग्रेजुएटों) ने अपने विभाग के बाहर वाले पदों के लिये आवेदन-पत्र भेजा, क्योंकि (क) कृषि स्नातकों की संख्या कृषि विषयक पदों के लिये वांछित अभ्यर्थियों से अधिक थी, (ख) उनके अपने क्षेत्र में पदोन्नति के लिये अधिक क्षेत्र नहीं था और (ग) अन्य विभागों में वेतन उच्चतर तथा सेवा की शर्तें अधिक अच्छी थी। विदेशी प्रशिक्षण के संबंध में आयोग का अनुभव यह रहा है कि सामान्यतः विदेश में प्रशिक्षण प्राप्त तथा विदेशी अर्हता वाले अभ्यर्थी समान भारतीय अर्हताओं और प्रशिक्षण वाले अभ्यर्थियों से श्रेष्ट होते है। किन्तु विदेशी प्रशिक्षण से जो लाभ प्रशिक्षणार्थियो को मिलता है, वह व्यक्ति, व्यक्ति में भिन्न होता है और प्रायः इस बात पर निर्भर करता है कि किस प्रशिक्षणार्थी ने कितनी रुचि ली थी और प्रशिक्षण की अवधि क्या थी। आयोग ने यह देखा कि जो प्रशिक्षण कोई अभ्यर्थी विदेशों में प्राप्त करता है, उसका कोई संबंध भारतीय परिस्थितियों से नहीं रहता है और बहुतों के प्रशिक्षण लेने का अभिप्राय इसकी अपेक्षा कि जो कुछ उन्होंने विदेशो में सीखा है उसको आत्मसात् कर लें, केवल यह रहता है कि विदेशी अर्हता उनके नाम के साथ जुड जाय। आयोग ने यह भी देखा कि जो अभ्यर्थी बाहर गये थे, उनमें से बहुतों ने समय और धन के व्यय के अनुपात से अधिक लाभ नहीं उठाया था। इसमें वहां के प्रशिक्षण का दोष नहीं है बल्कि कारण यह है कि अभ्यर्थी प्रशिक्षण या अनुसंधान के लिये पहले से तैयार नहीं थे। आयोग का सुझाव यह है कि जब अभ्यर्थियों को देश के बाहर प्रशिक्षण या अनुसंधान के लिये भेजने का प्रस्ताव किया जाय, तब होना यह चाहिये कि विशेषज्ञों की एक परिषद् उनकी परीक्षा बारीकी से कर लें और उनके चुनाव की कसौटी केवल उनकी कागजी अर्हतायें न रहें।

६—उपसंहार—आयोग को यह लिखते हुए संतोष होता है कि केवल थोड़े से मामलों को छोड़कर, जिनका वर्णन इस प्रतिवेदन में किया गया है, शासन तथा अन्य नियुक्ति-प्राधिकारियों ने भारतीय संविधान एवं लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियमों के उपबन्धों का समुचित रूप से पालन किया और आयोग द्वारा दिये गये परामर्शों को भी यथाविधि मान लिया। आयोग मुख्य मंत्री के विशेष रूप से कृतज्ञ है कि जो मामले उनके समक्ष रक्खे गये, उन पर उन्होंने शीघ्र समुचित कार्यवाही की।

परिशिष्ट १

आयोग द्वारा १९५७–५८ वर्ष के अन्तर्गत किये गये कार्यों की सूची

१—परीक्षा द्वारा भर्ती—

(१) ली गई परीक्षाओं की संख्या .	१०
(२) प्राप्त आवेदन-पत्रो की संख्या .	९ २७४
(३) अभ्यर्थियो की संख्या, जिन्हें परीक्षाओं मे बैठने की आज्ञा प्रदान की गई ..	८,५९१
(४) अभ्यर्थियो की संख्या जो परीक्षाओं में बैठे ..	६,९२५
(५) साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियो की संख्या ..	१,३०६
(६) चुने गये अभ्यर्थियो की संख्या ..	३७९

२—साक्षात्कार के उपरान्त चनाव द्वारा भर्ती—

(१) निकाले गये विज्ञापनो की संख्या ..	५३६
(२) विज्ञापित पदो की संख्या जिनके लिये—	
[क] चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया ..	२ १२६
[ख] चुनाव वर्ष के अन्तर्गत पूरा नहीं किया गया .	१,३९४
(३) आवेदन-पत्रों की संख्या जिनके लिये—	
[क] चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया ..	१४,२२७
[ख] चुनाव वर्ष के अन्तर्गत पूरा नहीं किया गया	१२,६४६
(४) साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या ..	५,०९४

१—विविध विवरण—

(१) ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या, जिन पर निम्नलिखित मामलों के संबंध में विचार किया गया:—

[१] बिना विज्ञापन के भर्ती	..	३७३
[२] पदोन्नति	..	८४२
[३] अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण	..	४८३
[४] स्थानान्तरण द्वारा भर्ती	..	८
[५] पुष्टिकरण	..	२९८
(२) विलीनीकृत राज्यों के उन पदाधिकारियो की संख्या, जिन पर राज्य सेवाओं में अन्तर्निधान करने के हेतु विचार किया गया	..	३
(३) निबटाये गये अपील के तथा आनुशासिक मामले	..	२७
(४) निबटाये गये असाधारण पेंशन तथा/अथवा उपदान के मामले	..	३४
(५) निबटाये गये वैध व्ययों के मामले	..	२
(६) नियमावलियां और उनके संशोधन, जिनपर विचार किया गया	...	६१
(७) अन्य महत्वपूर्ण विविध निर्देश	..	८४

परिशि

परीक्षा द्वारा भर्ती

क्रम-संख्या	सेवा या पद	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
१	सहायक विक्रीकर अधिकारियों तथा मनोरंजन कर निरीक्षकों के लिये सम्मिलित परीक्षा	४१ १२	२,६१६	२,४५२	२,१९२	नवम्बर २९ तथा ३०, १९५६	(१) डी०ए० वी० कालेज लखनऊ (२) क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ (३) आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल इलाहाबाद (४) सीनेट हाल, इलाहाबा
२	अधीनस्थ राजस्व अधिशासी सेवा में—						
	(१) नायब तहसीलदारों तथा (२) पेशकारों के लिये सम्मिलित परीक्षा	१६ १	२,२२०	२,०४७	१,६९६	दिसम्बर ३ और ४, १९५६	तदेव

२

१९५७–५८

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा अथवा साक्षात्कार की तिथि	टेक्निकल परामर्श–दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार के लिये बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या	चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किये अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(१) श्री एम० पी० शास्त्री,प्रिंसिपल (२) डा० सी० एम० ठाकोर, प्रिंसिपल (३) श्री शिवलाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश (४) श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	जुलाई १५, १६, १७, १८, १९, २२, २३, २४ और २९, १९५७ और अगस्त २, ५ और ९,१९५७	...	२४१	७१	...	नियुक्ति आज्ञाओं की प्रतीक्षा है।
तदेव	नवम्बर १८ से २२, १९५७	...	१३७	३३ — ४	१५ — १	अनुसूचित जाति के एक अभ्यर्थी की नियुक्ति, आज्ञा की प्रतीक्षा है।

१	२	३	४	५	६	७	८
३	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा (१९५६)—						
	१—उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा	१४	१,०८५	९०८	७८३	दिसम्बर २१, २२, २४, २६ और ३१, १९५६ और जनवरी २, ५, ७, ९ से १२ और १४, से १८, १९५७	(१) सीनेट हाल, इलाहाबाद (२) आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद
	२—उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा	१०					
	३—उत्तर प्रदेश वित्त एव लेखा सेवा	३					
	४—उत्तर प्रदेश बिक्री कर अधिकारी सेवा	१९					
४	वरिष्ठ वन सेवा (डिप्लोमा) कोर्स, १९५७–६०	५	१२८	९९	६१	जून १७ से २१, १९५७	आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद
५	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा (१९५६)—						
	१—उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) और	२४	८८६	८१६	६२५	जनवरी २४, २५, २७ से ३०, १९५७	(१) सीनेट हाल, इलाहाबाद

९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(१) डा० आई० डी० कैलब, सहायक निबन्धक, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद (२) श्री शिवलाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	दिसम्बर ३, ६, ९ से १३ और १८ से २१, १९५७	केवल उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के लिये ३—६ दिसम्बर, १९५७ को श्री जियाराम, आई० पी०, उप-प्रधान पुलिस निरीक्षक और उसके बाद १८ दिसम्बर, १९५७ तक श्री एस० अली कदीर, आई० पी० एस०, सहायक प्रधान निरीक्षक (रेलवे)	२०३	३२ ३० १७ ५०	*१४ १० †२ १९	*उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा में अनुसूचित जाति के एक अभ्यर्थी के बारे में नियुक्ति-आज्ञा फिलहाल रद्द कर दी गई है। †एक सामान्य अभ्यर्थी के बारे में नियुक्ति आज्ञा की अब भी प्रतीक्षा है।
श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	अगस्त ३१, १९५७	श्री आर० सहाय, आई० एफ० एस०, मुख्य अरण्यपाल, उत्तर प्रदेश, नैनीताल	१५	७	५	..
१—श्री आर० एन० लाल, सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	...	...	...	...	आलोच्य वर्ष में व्यक्तित्व परीक्षा नही ली जा सकी।

१	२	३	४	५	६	७	८
	२—उत्तर प्रदेश न्यायिक अधि-कारियों की सेवा	१०	...	...	...	...	(२) ला कालेज, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद
६	उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा आपात (इमरजेन्सी) भर्ती की परीक्षा	३५	३,२६४	२,९८०	२,५५३	जुलाई ४ से ६, १९५७	(१) मेरठ कालेज, मेरठ
							(२) आगरा कालेज, आगरा
							(३) सेन्ट एंड्रयूज कालेज, गोरखपुर
							(४) क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ
							(५) डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ
							(६) सीनेट हाल, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद
							(७) ला कालेज, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद

९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(२) श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश						
(१) श्री मदन मोहन, प्रिंसिपल	जनवरी २, ३, ६–१०, १३, १५, १७, २०–२४, २७–३१, १९५८ और फरवरी ३ से ७, १० से १४, १७ से २० और २१, १९५८	...	५६६	४३	३५	शासन ने अनुसूचित जाति के एक अतिरिक्त अभ्यर्थी को नियुक्त कर लिया और एक सामान्य अभ्यर्थी की नियुक्ति आज्ञा की अब भी प्रतीक्षा है ।
(२) डा० एम० रे, प्रिन्सिपल						
(३) श्री एम० ओ० वर्के, प्रिन्सिपल						
(४) डा० सी० यम० ठाकोर, प्रिन्सिपल						
(५) श्री एम० पी० शास्त्री, प्रिन्सिपल						
(६) श्री आर० एन० लाल, सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश						
(७) श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश						

१	२	३	४	५	६	७	८
७	कानूनगो	५०	१,०३५	९४५	६०७	अगस्त १२–१४,१९५७	(१) सीनेट हाल, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद।
							(२) आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद
८	अधीनस्थ स्थानीय निधि लेखा परीक्षा सेवा में सहायक लेखा–परीक्षक	१०	९९	८४	६२	अगस्त १९ से २१, १९५७	आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद
९	अवर वर्ग सहायक :—						
	(१) उत्तर प्रदेश सचिवालय में	बाहरी–३१ विभागीय–३१	१,४७७	१,४२४	१,३५८	सितम्बर ४, से ६, १९५७	(१) विद्यांत हिन्दू डिग्री कालेज, लखनऊ
	(२) उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोम के कार्यालय में	१२	...	...	...	...	(२) डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ
	(३) अहंकारी उप परीक्षा (स्पेशल)	स्पेशल–९०	...	..	...	..	(३) क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ
							(४) आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद

९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(१) श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	२८ अक्तूबर से १ नवम्बर, १९५७	...	११८	७०	५०	श्री पी० के० चतुर्वेदी, भूमि अभिलेख अधिकारी इलाहाबाद, ने ३१ अक्तूबर, १९५७ और
(२) श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश						२ नवम्बर, १९५७ को ८ मील पैदल चलने की परीक्षा का संचालन किया।
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	मार्च १५ और १८, १९५८	...	२६	१५	१०	
(१) श्री एस० सी० मुकर्जी, प्रिन्सिपल	...	...	...	...	..	आलोच्य वर्ष में परीक्षाफल घोषित नहीं किया जा सका।
(२) श्री एम० पी० शास्त्री, प्रिन्सिपल						
(३) डा० सी० एम० ठाकोर, प्रिन्सिपल						
(४) श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश						

१	२	३	४	५	६	७	८
१०	प्रवर वर्ग सहायक—						
	(१) उत्तर प्रदेश सचिवालय में	बाहरी १४ / विभागीय ७	१,०५२	१,००९	८१६	सितम्बर ९ से १२, १९५७	(१) डी० ए० वी०, कालेज, लखनऊ
	(२) उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, के कार्यालय में	२	...	...	...	...	(२) सीनेट हाल, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद
११	सहकारिता लेखा-परीक्षा संगठन में पुनरीक्षित वेतन-क्रम मे नियुक्ति के लिए लेखा परीक्षकों की अर्हकरी उप-परीक्षा	...	२२८	२२८	१४	अक्तूबर २८ और २९, १९५७	आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद
१२	पंचायत लेखा परीक्षा सगठन में लेखा परीक्षक	९९	१५९	१३०	१०३	जनवरी १६ से १८, १९५८	आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद
१३	निम्नलिखित के लिये राज्य सेवाओं की सम्मिलित परीक्षा (१९५७)						
	(१) उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा	२०	९४६	८७६	७२६	फरवरी ३, ४, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १४, १५, १७, १८, १९, २०, २१, २२, और २४, १९५८।	(१) आफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल, इलाहाबाद
	(२) उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा	१०					(२) सीनेट हाल, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद
	(३) उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा	२					
		*४९१	*९,२७४	*८,५९१	*६,९२५		

*इन अंकों में स्तम्भ ३ से ६ में मद संख्या १ से ४ के सामने दिखलाये गये अंक शामिल

९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(१) श्री एम० पी० शास्त्री, प्रिन्सिपल (२) श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	...	...	..	...	आलोच्य वर्ष में परीक्षाफल घोषित नहीं किया जा सका।
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	...	..	६	६	...
श्री यस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	..	...	.		आलोच्य वर्ष में व्यक्तित्व परीक्षा नहीं ली जा सकी
(१) श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश (२) डा० आई० डी० कैलब, सहायक निबन्धक, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद	...	..	...	. .	...	तदैव
			१,३०६	३७८		

परि

चुनाव द्वारा

क्रम–संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या	साक्षात्कार के लिये बुलाये गये अभ्य–र्थियों की संख्या	साक्षात्कार किये गये अभ्य–र्थियो की संख्या
१	२	३	४	५	६
१	राजकीय अस्पताल, इलाहाबाद या किंग एड–वर्ड सप्तम सेनेटोरियम भुवाली, नैनीताल में अनेस्थेटिस्ट	१	५	४	२
२	टी० बी० अस्पताल, फिरोजाबाद में अनेस्थे–टिस्ट	१	२	२	१
३	उ० प्र० उद्योग संचालकालय की क्वालिटी मार्किंग स्कीम के अधीन उद्योग के मंडला–धीक्षक	१	२७	१०	९
४	उ० प्र० कृषि सेवा (क्लास दो) के सेक्शन 'डी' में भूमि संरक्षण तथा क्षरित (इरोडेड) भूमि एवं ऊसर की अवाप्ति की योजना में सहायक कृषि अभियन्ता	१	२०	९	५
५	गन्ना आयुक्त, उ० प्र०, लखनऊ के कार्यालय के लिये लेखा अधिकारी	१	४	१	..

३

भर्ती १९५७-५८

चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या	साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्शदाता का नाम, यदि कोई हो	अभ्युक्ति
७	८	९	१०
. ..	१ अप्रैल, १९५७	डा० पी० डी० श्रीवास्तव, उ० प्र० चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओ के अतिरिक्त संचालक	जिन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया, उनमें से कोई दोनो में से किसी पद के लिये उपयुक्त नहीं पाया गया। आयोग ने सुझाव दिया कि संशोधित अर्हताओं तथा उच्चतर प्रारम्भिक वेतन के उपबन्ध के साथ पदो को पुर्नविज्ञापित किया जाय।
१	१ अप्रैल, १९५७	..	..
१	२ अप्रैल, १९५७	डा० ए० खान, उप-संचालक, भूमि संरक्षण, लखनऊ	..
..	२ अप्रैल, १९५७	श्री भरत नारायण, संयुक्त सचिव, उ० प्र० शासन, वित्त विभाग, लखनऊ	केवल एक साक्षात्कार के लिये बुलाया गया था। वह भी नहीं आया। आयोग ने सुझाव दिया कि उपयुक्त अभ्यर्थी पाने के लिये या तो उच्चतर प्रारम्भिक वेतन देने का उपबन्ध किया जाय या अर्हताओ में संशोधन किया जाय।

१	२	३	४	५	६
६	राजकीय पालीटेक्निक, देहरादून के लिये—				
	(क) फोरमैन ..	१	१०	७	५
	(ख) ड्राइंग मास्टर, ..	१	३	३	३
	(ग) सहायक फोरमैन तथा ..	१	३	३	३
	(घ) आटोमोबाइल इन्स्ट्रक्टर ..	१	६	५	३
७	राजकीय पालीटेक्निक, गोरखपुर के लिये फर्स्ट ट्रैक्टर मेकैनिक इन्स्ट्रक्टर	१	३	३	३
८	राजकीय पालीटेक्निक, झांसी के लिये सेकेण्ड जनरल मेकैनिक इन्स्ट्रक्टर	१	३	२	२
९	उ० प्र० सिंचाई विभाग के कृषि अभियन्त्रण उपविभाग में यांत्रिक निरीक्षक	१०	२१	१४	१३*
१०	केन्द्रीय डिजाइन केन्द्र, लखनऊ में निम्नलिखित में से प्रत्येक के लिये एक क्राफ्ट्स डिजाइनर—				
	(१) कुम्हारी ..	१	५	३	३
	(२) बुनाई ..	१	५	४	४
	(३) रंगाई व छपाई ..	१	४	१	१
	(४) धातु-कार्य ..	१	२	२	२
	(५) काष्ठशिल्प ..	१	८	६	५

७	८	९	१०
२	३ अप्रैल, १९५७	श्री बी० एस० त्यागी, प्रिंसिपल, जी० टी० आई०, गोरखपुर	
२	..	..	
१	...	..	
२	..	..	
१	३ अप्रैल, १९५७	तदेव	
१	३ अप्रैल, १९५७	तदेव	चूंकि पालीटेक्निक का कार्य शुरू नहीं हुआ और चूंकि अभ्यर्थी समान वेतन-क्रम वाले दूसरे पद पर नियुक्त कर दिया गया, जिसके लिये भी वह आयोग से संस्तुत किया जा चुका था, इसलिये नियुक्ति आज्ञा जारी नहीं की जा सकी।
११	४ अप्रैल, १९५७	श्री आर० एस० चतुर्वेदी अधीक्षण अभियन्ता, बुन्देल-खण्ड विकास सर्किल, इलाहाबाद	*एक और अभ्यर्थी के मामले पर उसकी अनुपस्थिति में विचार किया गया।
१ १	५ अप्रैल, १९५७	श्री श्रीपत, आई० ए० एस०, उद्योग संचालक, उ० प्र०, कानपुर तथा बी० सेन, संचालक, केन्द्रीय डिजाइन केन्द्र, लखनऊ	आयोग को वस्तुतः कोई अभ्यर्थी किसी भी पद के लिये उपयुक्त नहीं मिला और उनकी राय हुई कि उन पदों पर समुचित प्राविधिक प्रशिक्षण तथा अनुभव वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी चाहिये और यदि कोई पर्याप्त ऊंची प्रतिभा का अभ्यर्थी मिल जाय तो २५०--८५० रु० के वेतन-क्रम में उसे ५२० रु० का प्रारम्भिक वेतन दिया जाय। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी

१	२	३	४	५	६
११	पं० जे० जे० राजकीय पालीटेक्निक, अल-मोड़ा तथा राजकीय पालीटेक्निक, टेहरी (गढ़वाल) के लिये फोरमैन	२*	१२	८	७
१२	पं० जे० जे० राजकीय पालीटेक्निक, अलमोड़ा के लिये सीनियर इन्स्ट्रक्टर	१	१२	७	७
१३	सिंचाई विभाग, उ० प्र० में मेकैनिक ..	१२	५३	२६	१६
१४	उ० प्र० उद्योग सेवा, क्लास दो में गवर्नमेंट स्कूल आफ आर्ट्स ऐण्ड क्राफ्ट्स, लखनऊ के लिये आर्कीटेक्चर के प्रोफेसर	१	२	२	१

७	८	९	१०
			पदों के लिये निजी बातचीत द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थियो को प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाय और उनको आयोग की स्वीकृति लेकर नियुक्त कर दिया जाय। उन्होंने संस्तुत किया कि यदि कोई उपयुक्त अभ्यर्थी न मिले तो उनके द्वारा संस्तुत दोनों अभ्यर्थी कुम्हारी और बुनाई के पदों पर नियुक्त कर दिये जायं और जब तक अधिक उपयुक्त अभ्यर्थी न मिल जायं, तब तक वे चलते रहे। अधिक उपयुक्त अभ्यर्थियों की उपलब्धि तक आयोग द्वारा संस्तुत दोनों अभ्यर्थी नियुक्त कर दिये गये हैं। निजी बातचीत के परिणाम की प्रतीक्षा की जा रही है।
२	९ अप्रैल, १९५७	पं० कृपा शंकर, उद्योग उप-संचालक (शिक्षा), कानपुर	*राजकीय पालीटेक्निक, टेहरी के पद की सूचना बाद में मिली जब कि विज्ञापन निकल चुका था।
२	तदेव	तदेव	...
८	१० व ११ अप्रैल, १९५७	श्री बी० एस० माथुर, अधीक्षण अभियन्ता, रिहन्द बांध निर्माण वृत्त, इलाहाबाद	...
...	१५ अप्रैल, १९५७	श्री एस० आर० खास्तगीर, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट स्कूल आफ आर्ट्स ऐण्ड क्राफ्ट्स, लखनऊ तथा श्री पी० एल० शर्मा, चार्टर्ड एकाउन्टेंट, आगरा	आयोग द्वारा एक ही अभ्यर्थी का साक्षात्कार किया गया था और वह भी अनुपयुक्त पाया गया। आयोग ने सुझाव दिया कि निजी बातचीत द्वारा एक उपयुक्त अभ्यर्थी प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाय और उसे आयोग के परामर्श से

१	२	३	४	५	६
१५	पशु-चिकित्सा महाविद्यालय, मथुरा में पैथोलाजी तथा बैक्टीरियोलाजी के प्रोफेसर	१	१०	३	३
१६	सरोजिनी नायडू अस्पताल, आगरा के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के लिये विशेष निश्चेतक	१	७	६	१
१७	कानपुर विद्युत् प्रदाय प्रशासन मे अधिशासी अभियन्ता (प्राजेक्ट्स)	१	१	१	१
१८	गवर्नमेंट स्कूल आफ आर्ट्स ऐण्ड क्राफ्ट्स, लखनऊ में फाइन आर्ट्स के सहायक प्रोफेसर	१	१८	१२	११
१९	गवर्नमेंट स्कूल आफ आर्ट्स ऐण्ड क्राफ्ट्स, लखनऊ में मार्डेलिंग तथा स्कल्पचर के सहायक प्रोफेसर	१	४	४	४
२०	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (संस्कृत)	२	५६	१३	१२
२१	फलोपयोग (फ्रूट युटीलाइजशन) संचालकालय, उ० प्र०, रानीखेत के अधीन ज्येष्ठ मार्केटिंग निरीक्षक	१	३	३	२
२२	सिचाई विभाग, उ० प्र० की कृषि अभियन्त्रण शाखा में मेकैनिकल ड्राफ्ट्समैन	१	१	१	१
२३	उ० प्र० कृषि सेवा, क्लास दो के सेक्शन 'सी' में राजकीय फल अनुसन्धान केन्द्र, सहारनपुर मे जूनियर हार्टीकल्चरिस्ट	१	३	२	१
२४	मनोविज्ञानशाला, उ० प्र०, इलाहाबाद में मनोवैज्ञानिक	१	२०	९	९

७	८	९	१०
१	१५ अप्रैल, १९५७	श्री पी० जी० पांडे, पशुपालन संचालक, उ० प्र०, लखनऊ	...
२	तदेव	श्री के० एम० लाल, संचालक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ० प्र०	*दो अन्य अभ्यर्थियों के मामलों पर उनकी अनुपस्थिति में विचार किया गया।
१	तदेव	श्री के० सी० गुप्त, जनरल मैनेजर, कानपुर विद्युत् प्रदाय प्रशासन	...
२	१६ अप्रैल, १९५७	श्री एस० आर० खास्तगीर, प्रिंसिपल, कालेज आफ आर्ट्स ऐण्ड क्राफ्ट्स, लखनऊ	...
२	तदेव	तदेव	...
			...
४	१७ अप्रैल, १९५७	डा० एस० एन० शास्त्री, राजकीय डिग्री कालेज, ज्ञानपुर में संस्कृत प्राध्यापक	
१	तदेव	श्री वी० साने, फलोपयोग संचालक, उ० प्र०, रानीखेत	...
१	तदेव	श्री आर० एस० चतुर्वेदी, अधीक्षण अभियन्ता, बुन्देलखण्ड वृत्त, इलाहाबाद	...
१	१८ अप्रैल, १९५७	श्री आर० एस० सिंह, कृषि संचालक, उ० प्र०	पहले विज्ञापन में एक गलती हो जाने तथा अभ्यर्थियों की दुर्लभता के कारण पद का विज्ञापन दो बार किया गया।
२	तदेव	डा० सोहनलाल, मुख्य मनोवैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक संगठन, भारत सरकार, रक्षा मन्त्रालय, नई दिल्ली	...

१	२	३	४	५	६
२५	पशुचिकित्सा तथा पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा में--				
	(क) डिमांस्ट्रेटर ..	६	१५	१०	९
	(ख) अनुसन्धान सहायक (कैटिल स्टेरिलिटी स्कीम)	१	४	३	१
	(ग) अनुसंधान सहायक (ब्रुसेलोसिस स्कीम)	१	२	२	१
	(घ) कनिष्ठ अनुसन्धान सहायक	१	२	२	..
२६	उ० प्र० की शिक्षा संस्थाओ में सैनिक शिक्षा तथा सामाजिक सेवा प्रशिक्षण की योजना के अधीन इन्स्ट्रक्टर	२	७९	१६	१२
२७	उ० प्र० पशुचिकित्सा सेवा, क्लास दो में विरोलाजी तथा बैक्टीरियोलाजी के लिये अनुसंधान अधिकारी	१	८	५	२
२८	उ० प्र० पशुचिकित्सा सेवा, क्लास दो में अनुसन्धान अधिकारी (पैरासाइटोलाजी)	१	८	४	२
२९	उ० प्र० पशुचिकित्सा सेवा, क्लास दो में अनुसन्धान अधिकारी (हेरीटेबिलिटी)	१	११	६	३
३०	सिंचाई विभाग, उ० प्र० में ओवरसियर	४२०**	५५७	४३४	३९९
३१	पशुपालन संचालक, उ० प्र० के प्रशासकीय नियन्त्रण के अधीन उ० प्र० पशुचिकित्सा	३	२०	९	८

७	८	९	१०
७ … . …	२३ अप्रैल, १९५७	श्री सी० वी० जी० चौधरी, प्रिंसिपल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, मथुरा	…
२	२४ अप्रैल, १९५७	ब्रिगेडियर वी० डी० जयाल, डी० जी० ओ०, सैनिक शिक्षा तथा सामाजिक सेवा प्रशिक्षण संचालक, उ० प्र०, लखनऊ	…
१	तदेव	श्री सी० वी० जी० चौधरी, प्रिंसिपल, पशु-चिकत्सा महाविद्यालय, मथुरा	…
१*	तदेव	तदेव	*संस्तुत अभ्यर्थी एक दूसरे पद के लिये भी पहले संस्तुत किया जा चुका था और उसी पद पर नियुक्त कर दिया गया। अतः यह पद पुर्नविज्ञापित किया गया।
२	तदेव	तदेव	…
३४८	२४, २५, २९, ३० अप्रैल, ३, ६, ७, ८ ९ तथा १० मई, १, २, ९, १२ तथा १३ अगस्त, १९५७	श्री आर० एस० चतुर्वेदी, अधीक्षण अभियन्ता, बुन्देलखंड वृत्त, इलाहाबाद	**इसमें नियोजन विभाग के ६० पद भी शामिल हैं।
४	२५ अप्रैल, १९५७	श्री पी० जी० पाडे, पशुपालन संचालक, उ० प्र०, लखनऊ	…

१	२	३	४	५	६
३२	उ० प्र० पशु-चिकित्सा सेवा, क्लास दो में कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लिये अनुसन्धान अधिकारी	१	१३	८	६
३३	उ० प्र० पशु-चिकित्सा सेवा, क्लास दो में एनिमल ब्रीडर	१	९	६	३
३४	उ० प्र० सिंचाई विभाग में कल्याण अधिकारी	१	१४	७	६
३५	ग्लास टेक्नॉलॉजिस्ट, उ० प्र० शासन, कानपुर	१	११*	७	७
३६	विद्युत् निरीक्षक, उ० प्र० शासन के संगठन में सहायक विद्युत् निरीक्षक	२	१८	१६	८
३७	राजकीय फल अनुसंधान स्टेशन, सहारनपुर में उ० प्र० कृषि सेवा के निम्न-वेतन क्रम के सेक्शन 'सी' में—				
	(क) सहायक माइकोलॉजिस्ट	१	८	८	५
	(ख) सहायक एन्टोमॉलॉजिस्ट	१	९	९	८
३८	गन्ना विकास विभाग, उ० प्र० के लिये उ० प्र० कृषि सेवा, क्लास दो में स्वायल केमिस्ट	१	१४	११	८

७	८	९	१०
३	२५ अप्रैल, १९५७	श्री सी० वी० जी० चौधरी, प्रिंसिपल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, मथुरा	..
..	तदेव	तदेव	आयोग ने जिन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया, उनमें से कोई उपयुक्त नहीं पाया गया।
२	तदेव	श्री ओ० एन० मिश्र, आई० ए० एस०, श्रम आयुक्त, उ० प्र० प्राविधिक परामर्शदाता के रूप में आयोग की सहायता करने को थे, किन्तु वे उपस्थित नही हुये।	.
१	२७ अप्रैल, १९५७	(१) डा० आत्मा राम, संचा-लक, सेन्ट्रल ग्लास ऐण्ड सिरॉमिक्स रिसर्च इन्स्टी-ट्यूट, जादवपुर, कलकत्ता (२) डा० एस० पी० वर्मा, विकास अधिकारी (खनिज उद्योग), भारत सरकार तथा (३) श्री आर० बी० सक्सेना, अतिरिक्त उद्योग सचालक, उ० प्र०	*निजी बातचीत के फल-स्वरूप शासन से प्राप्त एक को लेकर।
४	२९ अप्रैल, १९५७	श्री एच० एल० कश्यप, विद्युत् निरीक्षक, उ० प्र० शासन	केवल चौथे अभ्यर्थी ने एक पद पर नियुक्त होना स्वीकार किया और उसकी नियुक्ति हो गई। दूसरे पद का विज्ञापन फिर से निकाला गया।
१ २	३० अप्रैल, १९५७	श्री आर० एस० सिंह, कृषि संचालक, उ० प्र०	.
३	३ मई, १९५७	संचालक, गन्ना अनुसन्धान स्टेशन, शाहजहांपुर	..

१	२	३	४	५	६
३९	उ० प्र० उद्योग संचालकालय के अधीन प्रदर्शिनी तथा प्रचार अधिकारी	१	२५	६	५
४०	अधीनस्थ शिक्षा सेवा, पुरुष शाखा में हिन्दी अध्यापक	१८	३८६	९०	७२
४१	उ० प्र० सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में चिकित्सा अधिकारी	४६	५५	५५	३५
४२	शिक्षा विभाग, उ० प्र० के अधीन पुनर्व्यवस्था योजना के लिये विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में कृषि सुपरवाइजर	५	५५	२३	१७
४३	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल अथवा ज्ञानपुर (वाराणसी) के लिये अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक	३	१६	१२	९
४४	उपसंचालक, बोध (इन्टेलीजेंस) तथा प्रचार, उ० प्र० के अधीन अधीनस्थ कृषि सेवा, ग्रूप दो में आर्टिस्ट	१	६	२	२
४५	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर (वाराणसी) के लिये वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक	१	१५	१३	१०
४६	प्लानिंग रिसर्च ऐण्ड ऐक्शन इन्स्टीट्यूट, उ० प्र०, लखनऊ में—				
	(क) सीनियर असोशियेट टु स्पेशलिस्ट आन स्वायल कन्जर्वेशन	१	७	५	४
	तथा				
	(ख) जूनियर असोशियेट टु स्पेशलिस्ट आन स्वायल कन्जर्वेशन	१	४	४	२

७	८	९	१०
१	३ मई, १९५७	..	..
२३	७ से १० मई, १९५७	डा० सी० बी० एल० गुप्त, प्राध्यापक, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर (वाराणसी)	.
३४	७, ८, ९ तथा १० मई १९५७	७ मई, १९५७ को डा० पी० डी० श्रीवास्तव, अतिरिक्त संचालक, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवायें, उ० प्र० तथा ८, ९ और १० मई, १९५७ को डा० अव्यक्तानन्द, सहायक संचालक, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाये	..
१०	१३ व १४ मई, १९५७	डा० बी० एन० लाल, कृषि उप-संचालक (मुख्यालय), उ० प्र०, लखनऊ	..
४	१३ मई, १९५७	प्रो० एस० सी० देव, अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष, प्रयाग विश्वविद्यालय	..
१	१४ मई, १९५७	श्री शेर सिंह, उपसचालक, शोध तथा प्रचार, उ० प्र०, लखनऊ	..
२	१४ मई तथा १ अगस्त, १९५७	श्री बी० एल० श्रीवास्तव, वाणिज्य के प्राध्यापक, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर	..
१ १	१५ मई, १९५७	श्री डी० पी० सिह, आई० ए० एस०, संचालक, प्लानिंग रिसर्च ऐण्ड ऐक्शन इंस्टीटयूट, उ० प्र०	(क) आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी दूसरे पद पर नियुक्त कर दिया गया है। अतः यह पद पुर्नविज्ञापित किया गया है।

१	२	३	४	५	६
४७	बी० पी० के० राजकीय पॉलीटेक्निक, वाराणसी में—				
	(क) जूनियर इंस्ट्रक्टर, कास्टिंग ऐण्ड क्ले-मॉडलिंग	१	३	२	२
	(ख) जूनियर इन्स्ट्रक्टर, इलेक्ट्रोप्लेटिंग, तथा	१	५	३	१
	(ग) ड्राइंग मास्टर	१	८	३	२
४८	(क) विज्ञान में व्याख्याता	१	१९	५	४
	(ख) वास्तुकला (स्कलपचर) में व्याख्याता	१	४	३	२
	(ग) कुम्हारी में व्याख्याता, तथा	१	५	५	३
	(घ) वाणिज्यीय कला में व्याख्याता	१	६	६	६
४९	उ० प्र० उद्योग संचालकालय के अधीन क्वालिटी मार्किंग स्कीम में—				
	(क) अधीक्षक, सेंट्रल डिपो	१	१८	१०	८
	(ख) अधीक्षक, ज़री कसीदाकारी, आगरा	१	१	१	१
	(ग) अधीक्षक, खेल कूद (स्पोर्ट्स) के सामान, मेरठ	१	३	१	१
	(घ) अधीक्षक, गोल्ड थ्रेड, वाराणसी	१	२	२	२
	(ङ) अधीक्षक, कम्बल, नजीबाबाद	१	३	३	३
	(च) परीक्षक, ज़री कसीदाकारी, आगरा	१	१	..	..
	(छ) परीक्षक, खेलकूद के सामान, मेर	१	१	१	१
	(ज) परीक्षक, गोल्ड थ्रेड, वाराणसी	१	..	..	..
	(झ) परीक्षक, कम्बल, नजीबाबाद	१	२	१	१
	(ञ) प्रचार निरीक्षक तथा मार्केटिंग संग नकर्ता	१	५	३	१

७	८	९	१०
			(ख) आयोग ने जिस अभ्यर्थी को संस्तुत किया था, उसको वांछित अनुभव की शर्त से मुक्त करने के लिये भी लिखा था। शासन वांछित अनुभव से मुक्ति देने के लिये सहमत नहीं हुये, क्योंकि उनके विचार से वांछित अनुभव आवश्यक था। आयोग इस मत से सहमत हो गये और पद के पुर्नविज्ञापन का सुझाव दिया। अतः यह पद भी पुर्नविज्ञापित किया गया।
२ १ १	१६ मई, १९५७	श्री एस० आर० खास्तगीर, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट स्कूल आफ आर्ट्स ऐण्ड क्राफ्टस, लखनऊ	..
२ १ १ २	१६ व १७ मई, १९५७	श्री एस० आर० खास्तगीर, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट स्कूल आफ आर्ट्स ऐण्ड क्राफ्टस, लखनऊ	..
२ १ * १ १ * १ १ २	२०, २१ तथा २२ मई, १९५७	श्री पी० के० कौल, आई० ए० एस०, संयुक्त उद्योग संचालक, उ० प्र० केवल २० व २१ मई, १९५७ को	*(ग), (च) और (ज) के लिये आयोग ने सुझाव दिया कि निजी बातचीत द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थियों को प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाय और आयोग का परामर्श लेकर उन्हे नियुक्त किया जाय।

१	२	३	४	५	६
५०	उ० प्र० उद्योग सचालकालय के अधीन क्वालिटी मार्किंग स्कीम में परीक्षक (दरी)	१	५	३	२
५१	राजकीय लेदर वर्किंग स्कूल, कानपुर में लेदर वर्किंग इन्स्ट्रक्टर	३*	१०	७	७
५२	राजकीय केन्द्रीय पेडागॉजिकल इन्स्टीट्यूट, इलाहाबाद से सम्बद्ध एक्सपेरीमेन्टल मनो-विज्ञान तथा शिक्षा में डिमान्स्ट्रेटर	१	५	३	१
५३	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल या ज्ञानपुर (वाराणसी) के लिये रसायन-शास्त्र (अकार्बनिक) के सहायक प्राध्यापक	१	१३	९	९
५४	एच० बी० टी० आई० कानपुर में पुस्तकाध्यक्ष	१	१	१	१
५५	राजकीय रजा डिग्री महाविद्यालय, रामपुर के लिये उ० प्र० शिक्षा सेवा (निम्न वेतन-क्रम) में प्रधानाचार्य	१	२२	१२	११
५६	पी० एम० एस० २ की महिला शाखा में पद	८०	४४	४४	४५

७	८	९	१०
१	२१ मई, १९५७	श्री पी० के० कौल, आई० ए० एस०, संयुक्त उद्योग सचालक, उ० प्र० केवल २० व २१ मई, १९५७ को	.
५	२२ मई, १९५७	श्री के० एल० म्योर, प्रिंसिपल, लेदर वर्किंग स्कूल, कानपुर	*एक रिक्ति जिसकी रिपोर्ट बाद में की गई थी, उसको लेकर। दसो अभ्यर्थी एक व्यावहारिक परीक्षा के लिये बुलाये गये थे, किन्तु केवल आठ परीक्षा में बैठे, उनमें से सात परीक्षोत्तीर्ण हुये और साक्षात्कार के लिये बुलाये गये।
१	तदेव	डा० एस० एन० मेहरोत्रा, संचालक, मनोविज्ञान-शाला, उ० प्र०, इलाहाबाद	आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी दूसरे पद के लिये संस्तुत और उस पर नियुक्त किया जा चुका था। अतः वह उपलब्ध नहीं हुआ। इसलिये यह पद फिर से विज्ञापित किया गया।
२	२३ मई, १९५७	डा० ए० सी० चटर्जी, प्राध्यापक तथा रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष तथा डीन फैकल्टी आफ साइंस, लखनऊ वि:वविद्यालय	..
१	तदेव	..	..
१	२४ मई, १९५७	..	..
४४	२७, २८, २९, ३० व ३१ मई, १९५७	डा० (कु०) जी० वी० कमाजी, अतिरिक्त संचालक, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवायें (महिला), उ० प्र०	प्राविधिक परामर्शदाता ने केवल २७, २८ व २९ मई, १९५७ को आयोग की सहायता की। आयोग ने दो अभ्यर्थियो, प्रति दिन एक, का साक्षात्कार ३० व ३१ मई, १९५७ को बिना परामर्शदाता की सहायता के किया, क्योकि वे साक्षात्कार के लिये नियुक्त

१	२	३	४	५	६
५७	यन्त्रीकृत राज्य प्रक्षेत्र, उ० प्र० में फार्म असिस्टेंट तथा डेरी ऐण्ड कैटिल इन्चार्ज	२	१२	१०	८
५८	कल्टीवेशन इन्चार्ज, कैटिल ब्रीडिंग-कम-डेरी फार्म, काल्सी (देहरादून)	१	३	३	३
५९	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा (पुरुष शाखा) में सहायक अध्यापक (हिन्दी)	३	१९१	१८	१६
६०	सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, उ० प्र० के फाइलेरिया संगठन में सहायक एन्टोमोला-जिस्ट	३	९	८	७
६१	जियोलाजी तथा माइनिंग संचालकालय, उ० प्र०, लखनऊ में प्राविधिक सहायक	५	१०	९	८
६२	सार्वजनिक निर्माण विभाग, उ० प्र० में सहायक अभियन्ता, विद्युत् एवं यांत्रिक	४	७५	३४	१४
६३	विशष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (अंग्रेजी)	४	११७	२२	२०
६४	सिंचाई विभाग, उ० प्र० में लेखा अधकारी	१	७	३	३
६५	उ० प्र० पशुपालन संचालक के शासकीय नियन्त्रण में उप-संचालक, इन्चार्ज की विलेज स्कीम	१	१५	१३	१०

७	८	९	१०
४	२७ मई, १९५७	श्री राजनाथ सिंह, उप-संचालक, यंत्रीकृत राज्य प्रक्षेत्र, उ० प्र०, लखनऊ	..
१	तदेव	तदेव	..
७	२८ मई, १९५७	डा० सी० वी० एल० गुप्त, प्राध्यापक, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर (वाराणसी)	..
४	२९ मई, १९५७	डा० जे० रहमान, उप-संचालक (मलेरियालाजी), उ० प्र०, लखनऊ	..
५	तदेव	श्री एस० आर० नारायण राव, अवैतनिक संचालक, जियोलाजी तथा माइनिंग संचालकालय, उ० प्र०, लखनऊ	.
७	३० व ३१ मई, १९५७	श्री एच० सी० वर्मा, अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन, उ० प्र० सार्वजनिक निर्माण विभाग	.
६	तदेव	..	..
१	३१ मई, १९५७	श्री एस० पी० साहनी, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कर्मशाला वृत्त, कानपुर	.
२	३ जून, १९५७	श्री पी० जी० पांडे, पशु-पालन संचालक, उ० प्र०	..

१	२	३	४	५	६
६६	चिकित्सा अधिकारी, पी० एम० एस०, प्रथम (पुरुष शाखा)	९	१२२	८४	७३*
६७	स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग, उ० प्र० में विद्युत् एवं यांत्रिक अभियन्ता	१५	४७	३८	२८
६८	उ० प्र० उद्योग सेवा, क्लास दो में सहायक उद्योग संचालक (ट्रेनिंग)	१	३०	१३	७
६९	पूर्णकालिक जिला कारागार अधीक्षक	२	९६	१७	१४
७०	उ० प्र० पशुचिकित्सा सेवा, क्लास दो में पशुधन सुपरवाइजर प्रशिक्षण कक्षा के प्रधानाचार्य	१	१०	५	४
७१	उ० प्र० पशुचिकित्सा सेवा, क्लास दो में सहायक मत्स्य संचालक, उ० प्र०	१	८	६	५
७२	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) में विद्यालय मनोवैज्ञानिक (४ पुरुष शाखा और १ महिला शाखा के लिये)	५	१६	६	५
७३	उ० प्र० सार्वजनिक निर्माण विभाग, अनुसन्धान इन्स्टीटयूट, लखनऊ में जूनियर असिस्टेंट केमिस्ट	४	८	८	५
७४	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (वाणिज्य)	२	६४	१७	१६

७	८	९	१०
२७	४, ५, ६, १०, ११, १२ व १३ जून, १९५७	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक तथा डा० एस० एन० चटर्जी, सिविल सर्जन, इलाहाबाद (दोनों ४ जून को और अन्य दिनों में केवल सिविल सर्जन)	*तीन और अभ्यर्थियों के मामलों पर उनकी अनुपस्थिति में विचार किया गया।
१५	४, ५ व ६ जून, १९५७	श्री आर० डी० वर्मा, मुख्य अभियन्ता, स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग, उ० प्र०, लखनऊ	..
३	१० जून, १९५७	श्री पी० के० कौल, आई० ए० एस०, संयुक्त उद्योग संचालक, उ० प्र०, कानपुर	..
३	१२ जून, १९५७	..	..
२	१३ जून, १९५७	श्री पी० जी० पांडे, उ० प्र० पशुपालन संचालक	..
२	तदेव	तदेव	..
५	१७ जून, १९५७	डा० एस० एन० मेहरोत्रा, संचालक, मनोविज्ञान शाला, उ० प्र०, इलाहाबाद	..
४	तदेव	श्री पी० एम० भटनागर, उप-मुख्य अभियन्ता, उ० प्र० सार्वजनिक निर्माण विभाग	..
४	तदेव	..	..

१	२	३	४	५	६
७५	(क) राजकीय पालीटेक्निक, टेहरी (गढ़वाल) में वर्कशाप फोरमैन	१	१६	१०	८
	(ख) राजकीय पालीटेक्निक, श्रीनगर (गढ़वाल), में वर्कशाप फोरमैन	१	५	५	३
	(ग) राजकीय पालीटेक्निक, टेहरी (गढ़वाल) तथा श्रीनगर (गढ़वाल) में ड्राइंग मास्टर	*१	६	४	१
७६	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (जीव-विज्ञान)	९	९१	३९	३१
७७	राजकीय पाइलट कर्मशालाओ के लिय वर्क-शाप फोरमैन	४	७	६	६
७८	राजकीय बालिका पालीटेक्निक, रामपुर के लिये प्रधान अध्यापिका	१	६	५	४

७	८	९	१०
३ २	१८ जून, १९५७	डा० कृपा शंकर, उप उद्योग संचालक (शिक्षा), उ प्र०	(क) जब आयोग की संस्तुतियां उद्योग संचालक को भेज दी गई तब उद्योग संचालक ने सूचित किया कि टेहरी में वर्कशाप फोरमैन के पद के सृजन की योजना विलम्बित कर दी गई। अतः मुख्य सूची के अभ्यर्थी को समान वेतन-क्रम और उन्हीं अर्हताओं वाले एक दूसरे पद पर नियुक्त किया गया।
१	तदेव	तदेव	*(ग) केवल दो पदों का विज्ञापन निकाला गया था। श्रीनगर (गढ़वाल) में एक और पद होने की सूचना बाद में आई। किन्तु केवल एक अभ्यर्थी चुना जा सका। अतः दूसरे विज्ञापित पद के लिये आयोग ने सुझाव दिया कि या तो पद को पुनर्विज्ञापित किया जाय या निजी बात-चीत द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थी को प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाय और उसको आयोग के परामर्श से नियुक्त कर दिया जाय।
११	१८ व १९ जून, १९५७	श्री आर० आर० लहरी, उप-शिक्षा संचालक, उ० प्र०, इलाहाबाद	..
४	१९ जून, १९५७	श्री पी० के० कौल, आई० ए० एस०, संयुक्त उद्योग संचालक, उ० प्र०	.
१	तदेव	डा० डी० आर० िंगरा, संयुक्त उद्योग संचालक (शिक्षा), उ० प्र०	.

१	२	३	४	५	६
७९	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (भूगोल)	२	८१	१७	१५
८०	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (कृषि)	१	१३	७	५
८१	उ० प्र० उद्योग संचालकालय के अधीन—				
	(क) उत्पादन अधीक्षक (कम्बल) ..	२	७	४	४
	(ख) सहायक उत्पादन अधीक्षक (कम्बल)	१	५	३	२
८२	अधीनस्थ उद्योग सेवा में कार्माशियल ट्रैवेलर्स (नियमित संवर्ग के बाहर)	३	१२	७	६
८३	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (गणित)	६	१२९	४३	३६
८४	स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग, उ० प्र० में असैनिक अभियन्ता	५०	६२	६२	३३
८५	उ० प्र० अधीनस्थ पशुचिकित्सा सेवा में वेटेरिनरी सहायक सर्जन	५०	५४	५४	४९
८६	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (इतिहास)	६	१४०	३४	२९

७	८	९	१०
४	२० जून, १९५७	..	..
३	तदेव	..	..
३ २	तदेव तदेव	श्री ए० पी० दीक्षित, उप-उद्योग संचालक, उ० प्र०	(क) का केवल एक पद सूची के प्रथम अभ्यर्थी द्वारा भरा गया। दूसरे पद के भरने की आवश्यकता नहीं थी, अतः नहीं भरा गया। इसलिये दूसरा अभ्यर्थी समान वेतन-क्रम वाले किसी दूसरे पद पर, जिसके लिये भी वह आयोग द्वारा संस्तुत किया गया था, नियुक्त किया गया।
३	२० जून, १९५७	श्री अयोध्या प्रसाद दीक्षित, पी० सी० एस०, उप-उद्योग संचालक (हैण्डलूम योजना) उ० प्र०, कानपुर	..
१२	२१ व २४ जून, १९५७	श्री सीतावर सरन श्रीवास्तव, प्रिंसिपल, राजकीय केन्द्रीय पेडागाजिकल इन्स्टीट्यूट, इलाहाबाद	..
१४	२४, २५ व २७ जून तथा १४ अगस्त, १९५७	श्री आर० डी० वर्मा, मुख्य अभियन्ता, स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग, उ० प्र०, लखनऊ	..
४३	२४, २५ व २६ जून, १९५७	श्री हृदय राम अरोरा, उप-संचालक, पशुपालन, इलाहाबाद	आयोग ने परामर्श दिया कि शेष रिक्तियों तथा बाद में होने वाली अन्य रिक्तियों के लिये फिर से विज्ञापन निकाला जाय।
१०	२५ व २६ जून, १९५७	..	..

१	२	३	४	५	६
८७	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक, तर्कशास्त्र	१	१४	८	७
८८	कृषि विभाग, उ० प्र० में सहायक कृषि अभियन्ता	३	४८	१८	१५
८९	उ० प्र० पशुपालन संचालक के मुख्यालय में संख्या उपविभाग के लिये—				
	(क) सहायक संख्याविद्	१	१०	६	६
	(ख) ज्येष्ठ सांख्यकीय सहायक	१	६	६	६
	(ग) सांख्यकीय सहायक	२	४	४	४
९०	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (अंग्रेजी)	६	११९	३७	२८
९१	उ० प्र० कृषि सेवा (निम्न वेतन–क्रम) के सेक्शन 'बी' में कैटिल यूटीलाइजेशन अफसर	१	६	४	४
९२	उ० प्र० उद्योग संचालकालय की ट्यूशनल क्लासेज स्कीम के अधीन—				
	(क) उद्योग अधीक्षक (मुख्यालय)	१	१६	५	३
	(ख) सहायक उत्पादन अधीक्षक	६	३२	१२	८
९३	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (रसायन–शास्त्र)	५	८५	२७	२१

७	८			१०
२	२६ जून, १९५७	"	चौधरी, शुचिकित्सा पालन थुरा	आयोग ने केवल २ पदों के लिये संस्तुति की और सुझाव दिया कि तीसरे पद (अर्थात् अनुसन्धान सहा-यक-कृत्रिम गर्भाधान) के लिये निजी बातचीत द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थी प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाय, क्योंकि उसके लिये कोई आवेदन-पत्र नहीं प्राप्त हुआ था। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शेष रिक्त पद फिर से विज्ञापित किये जायं।
५	२७ जून तथा १४ अगस्त, १९५७	श्री वी० पी० [illegible], [illegible] एस० ई०, शासन के [illegible] रिक्त सचिव तथा [illegible] रिसोर्सेज [illegible], उ० प्र०		
२ ३ २	२७ जून, १९५७	श्री के० किशन, [illegible] के मुख्य संख्याधिकारी, [illegible] विभाग तथा श्री [illegible] जुनेजा, संयुक्त [illegible] (नियोजन), [illegible] विभाग, उ० प्र०	खां गोरी, मदरसा, बाद	आयोग द्वारा साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों में से कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया। किन्तु इसके पहले कि शिक्षा संचालक को स्थिति से अवगत कराया जाय, शासन ने कुछ कारणों से आयोग से चुनाव को रोक देने का अनुरोध किया।
१२	२७ व २८ जून, १९५७	"		
२	२८ जून, १९५७	श्री एच० बी० साही, पशु-पालन आयुक्त, उ० प्र०, लखनऊ		
२ ६	१ जुलाई, १९५७	श्री बी० बी० सिंह, उप-संचालक, उद्योग (मुख्यालय), उ० प्र०	, संचा-न स्टे- तथा ० मल-भियन्ता, वृत्त,	
१०	१ व २ जुलाई, १९५७	श्री र० स० जौहरी, [illegible], विद्यालय तथा महाविद्या-लय शिक्षा परिषद, उ० प्र०, इलाहाबाद	ज्ञानाचार्य, लखनऊ	

७	८	९	१०
२	२ जुलाई, १९५७	श्री सी० बी० जी० चौधरी, प्रधानाचार्य, पशुचिकित्सा विज्ञान तथा पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा	आयोग ने केवल २ पदों के लिये संस्तुति की और सुझाव दिया कि तीसरे पद (अर्थात् अनुसन्धान सहा-यक-कृत्रिम गर्भाधान) के लिये निजी बातचीत द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थी प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाय, क्योंकि उसके लिये कोई आवेदन-पत्र नहीं प्राप्त हुआ था। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शेष रिक्त पद फिर से विज्ञापित किये जायं।
..	२ जुलाई, १९५७	श्री शब्बीर अहमद खां गोरी, निरीक्षक, अरबी मदरसा, उ० प्र०, इलाहाबाद	आयोग द्वारा साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों में से कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया। किन्तु इसके पहले कि शिक्षा संचालक को स्थिति से अवगत कराया जाय, शासन ने कुछ कारणों से आयोग से चुनाव को रोक देने का अनुरोध किया।
५	२ जुलाई, १९५७		
२	२ जुलाई, १९५७	डा० आर० के० टंडन, संचा-लक, गन्ना अनुसन्धान स्टे-शन, शाहजहांपुर तथा श्री एस० डी० एम० मल-होत्रा, अधीक्षण अभियन्ता, रिहन्द जल-विद्युत् वृत्त, इलाहाबाद	
२	८ जुलाई, १९५७	श्री रामा राव, प्रधानाचार्य, जी० टी० आई०, लखनऊ	
१	तदेव	तदेव	

१	२	३	४	५	६
१००	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (अर्थशास्त्र)	३	११२	२८	२२
१०१	चौधरी मुख्तार सिंह राजकीय पालीटेक्निक, मेरठ के लिये मास्टर शीट मेटल वर्क्स	१	२	२	२
१०२	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर या नैनीताल के लिये जूलाजी के प्राध्यापक	१	९	६	५
१०३	सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा में अनाटमी में रीडर	१	४	४	-
१०४	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक (भौतिक शास्त्र)	१३	९६	७०	५
१०५	हैण्डलूम उद्योग विकास योजना के अधीन मंडल उद्योग अधीक्षक	१	५	४	३
१०६	उ० प्र० उद्योग संचालकालय की हैण्डलूम विकास योजना के अधीन रीजनल मार्केटिंग आफिसर	२	१८	१३	१३
१०७	अधीक्षक, नर्सिंग सेवायें, उत्तर प्रदेश	१	५	५	५
१०८	उप-संचालक, उ० प्र० समाज कल्याण संचालकालय में समाज कल्याण अधिकारी (महिलायें)	१	१८	५	४
१०९	सेकण्ड असिस्टेंट मास्टर, जी० टी० आई, गोरखपुर	१	१	१	१

७	८	९	१०
९	८, ११ व १८ जुलाई, १९५७	..	
१	८ जुलाई, १९५७	श्री रामा राव, प्रधानाचार्य, जी० टी० आई०, लखनऊ	
१	११ जुलाई, १९५७	डा० ए० बी० मिश्र, प्रोफेसर आफ जूलाजी, काशी विश्व-विद्यालय, वाराणसी	
१	११ जुलाई, १९५७	संचालक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को आयोग की सहायता के लिये आना था, किन्तु वे नहीं आये। अतः डा० एस० एन० चटर्जी, सिविल सर्जन, इलाहाबाद से अनुरोध किया गया और वे आये	
१९	११, १५, १६ व १७ जुलाई, १९५७	डा० बी० एन० एस० सक्सेना, अतिरिक्त सचिव, विद्यालय तथा महाविद्यालय, परीक्षा परिषद्, उ० प्र०, इलाहाबाद	
२	१२ जुलाई, १९५७	श्री एम० समीउद्दीन, आई० ए० एस०, अतिरिक्त उद्योग संचालक, उत्तर प्रदेश	
३	तदेव	तदेव	
२	तदेव ..	डा० पी० डी० श्रीवास्तव, संचालक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश	
१	तदेव	श्री ए० के० सिंह, समाज कल्याण संचालक, उत्तर प्रदेश	
१	१५ जुलाई, १९५७	श्री एम० बी० रामा राव, प्रधानाचार्य, जी० टी० आई०, लखनऊ	संस्तुत अभ्यर्थी एक दूसरे पद के लिये भी संस्तुत किया जा चुका था। उस पद

१	२	३	४	५	६
११०	राजकीय पालीटेक्निक, जौनपुर मे——				
	(क) फर्स्ट इन्स्ट्रक्टर मोटर मेकैनिक्स ..	१	९	४	२
	(ख) फर्स्ट इलेक्ट्रीशियन इन्स्ट्रक्टर ..	१	२	२	२
	(ग) ड्राइंग मास्टर .	१	३	३	२
	(घ) सेकण्ड इन्स्ट्रक्टर, मोटर मेकैनिक्स	१	८	६	४
	(ङ) सेकण्ड इन्स्ट्रक्टर, जनरल मेकैनिक्स	१	५	३	३
	(च) सेकण्ड इन्स्ट्रक्टर, मोल्डिंग .	१	५	४	४
	(छ) सेकन्ड इन्स्ट्रक्टर, शीट मेटल स्मिथी	१	४	४	३
१११	जी० टी० आई०, गोरखपुर व लखनऊ में एक–एक——				
	(क) विद्युत् अभियन्त्रण में व्याख्याता	२	३	३	३
	(ख) यांत्रिक अभियन्त्रण में व्याख्याता	२	२	२	२
	(ग) फोरमैन .	२	८	४	४
	(घ) ड्राइंग मास्टर ..	२	१	१	१
	(ङ) मेकैनिकल इन्स्ट्रक्टर .	२	५	५	५
	(च) फिटिंग इन्स्ट्रक्टर ..	२	९	५	४
११२	सी० एम० एस० राजकीय पालीटेक्निक, मेरट म एलेक्ट्रीशियन	१	४	३	३
११३	श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश में हाउसिंग इन्स–पेक्टर	१०	११८	७७	६२
११४	प्रान्तीय नर्सिंग सेवा, उत्तर प्रदेश में मेट्रन	४	३०	२४	१९
११५	सरोजिनी नायडू अस्पताल, आगरा में सहायक अधीक्षक	१	१२	७	६
११६	उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय में व्यापार चिन्हों के उल्लंघन तथा नकली सामान की बिक्री को रोकने की योजना के अधीन अधीक्षक	१	३५	८	७
११७	उत्तर प्रदेश सर्विस आफ ब्वायलर्स ऐन्ड फैक्ट्रीज के क्लास दो में फैक्टरी इंसपेक्टर (मेडिकल)	२	९	५	५

७	८	९	१०
			गई। अतः यह पद फिर से विज्ञापित किया गया।
१ १ १ १ १ १ २	१५ व १६ जुलाई, १९५७	श्री म० वी० रामा राव, प्रधानाचार्य, जी० टी० आई०, लखनऊ	...
२ १ २ १ २ २	१६ व १७ जुलाई, १९५७—	तदेव	'ख' और 'घ' के दूसरे पद के लिये कोई उपयुक्त नहीं पाया गया।
१	१७ जुलाई, १९५७	तदेव	...
२०	१८, १९, २२, २३ तथा २९ जुलाई, १९५७	श्री जे० एन० तिवारी, आई० ए० एस०, उप-श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश	...
६	१८ और १९, जुलाई, १९५७	श्रीमती डी० ए० बीट, स्थानापन्न नर्सिंग सेवा अधी-क्षिका, उत्तर प्रदेश	...
२	२३ जुलाई, १९५७	डा० परमानन्द, सिविल सर्जन, आगरा।	...
२	तदेव	...	...
४	२४ जुलाई, १९५७	डा० के० के० माथुर, उप-संचालक, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवायें (कर्मचारी राज्य बीमा योजना), उत्तर प्रदेश, कानपुर	...

१	२	३	४	५	६
११८	सूचना संचालकालय, उत्तर प्रदेश के फिल्म सेक्शन में सीनरियो-कम-स्क्रिप्ट राइटर	१	१०	१०	९
११९	उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय में—				
	(क) केमिकल इंजीनियर	१	४७†	७	६
	(ख) केमिकल टेक्नोलाजिस्ट, तथा	१		६	१
	(ग) इंडस्ट्रियल इकोनामिस्ट	१		२*	१
१२०	मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश, में मत्स्य मार्केटिंग अधिकारी	२	१५	१४	१३
१२१	उत्तर प्रदेश कृषि सेवा, क्लास दो में असिस्टेंट इकोनामिक बोटेनिस्ट	१	१४	१४	१३

७	८	९	१०
१	२४ जुलाई, १९५७	श्री भगवती शरण सिंह, सूचना संचालक, उत्तर प्रदेश	..
